believe that arithmetical calculations and mathematical computations will determine human culture, human civilisation, human ideas, thoughts and aspirations. How can a sensible man believe that 51 per cent of even undersirable people, not by virtue of their superior wisdom and sagacity, not by virtue of their superior vision and imagination, not by virtue of their services and sacrifices, not by virtue of their significant contributions to the political and social life of the country, but by sheer force of numbers will impose their will upon millions of people who constitute only 49 per cent, may be linguistic, may be political, may be religious minorities? Madam, God declares in the Quran:

"लकव कतवना फिज निमवादिस ज़िक्रे इनल्ला अर्दा मूरोमुहा इवादिस सालेहुन"।

(لقد كتبنا في الزبور من بعد الذكر ان الارض
يرثها العباد الصالحون)

"I have laid down in the Gospels that it is not by virtue of sheer force of numbers, it is not by totalitarian dictatorship that you are going to rule the roost or boss the show. Only well-meaning men like Mahatma Gandhi, men like Chitta Ranjan Das of revered memory, men like Asoka, men like Sher Shah Suri, men like Nasiruddin who by their unimpeachable integrity of character, mental catholicity, charity of outlook and their noble urge for the welfare of millions, will alone rule the world. Madam, the character of an administration is, to my mind, immaterial, whether it is bureaucratic, theocratic, democratic or even autocratic, provided the men at the helm of affairs are men of vision and imagination, men of lofty idealism, of mental catholicity, men of burning patriotism, men who inspire confidence in the public mind.

Mr. Chavan, I look up to you. Unfortunately, however, you have not played the game. But even now you have a great future because you are the biggest party. It is the great leader of your party, one of the greatest men in the modern world, Mahatma Gandhi, declared in the Nagpur Session of the Congress "I am a man of peace, I believe in peace, but I do not want that brand of peace which is in a piece of stone or in a grave; I want that peace which is imbedded in the human breast, exposed to the arrows of the whole world, protected from all harm by that Almighty God". This peace has got to be established and if need be, Shri Chavan will have to wage war against the forces of reaction, may be against Baddruduja, may be against Indrajit Gupta, will have to wage war against reactionary forces, the anti-social elements, anti-national elements, anti-secular elements, till they are crushed out of existence. For God's sake, do not hesitate there.

Unfortunately, however, the Congress did not play the game during these years. When the riots broke out in 1964 and when in 1965, in the wake of the Indo-Pakistan conflict, hundreds and thousands of innocent Muslims were thrown behind the prison bars, I thought that the game of Congress was up. At no distant date the Congress was thrown out lock, stock and barrel from West Bengal, Madras and Kerala and the Muslims contributed the most to the debacle of the Congress in these States. I would, therefore, appeal to the Congress Opposition and the ruling Congress to pause and consider. The Congress is the only party which had 50 years of leadership in India and 20 years' domination in the country. If you played the game, no other party could step in.

Madam, my hon. friends of the Communist persuasion might disagree with me when I say that I do not believe in a class-less society. We too belong to a class; we constitute a class which has contributed the most towards world civilisation and culture. We have produced the greatest teachers, philosophers, thinkers, statesmen, nation builders and administrators. We have contributed so magnificently to the cultural, political, social, moral and spiritual advancement of the entire human race. We do not want to be eliminated; we refuse to be eliminated. You have to provide all opportunities and facilities to the mazdoor, Kisans and other have not. Raise them by all possible means to the highest position, but we cannot crouch, sneak and skulk about like charity boys before them sacrificing our cultural identity, political integrity and social individuality before any section of the people—mazdoors, kisans, jotedars or zamindars, or even before rulers of the land. Much has been said about the unfortunate communal riots in the country and I would not today take-up the unpleasant past.

[Shri Badrudduja]

Madam, in a democracy the maiority must rule. Badrudduja will not aspire for the highest position; it is Shri Chavan, Shrimati Gandhi or Dr. Ram Subhag Singh who will rule. We will only cooperate, as I said, with those members and sections of the majority community who are sympathetic to us and who soothe our troubled hearts in our deep distress.

Madam, I was saying the other day—Mr. Chavan will not take it amiss—as to what has happened to the Mussalmans of India during the last 22 years. They are not found fit for any position today. Out of 7 million gazetted and non-gazetted officers, there is hardly 1 per cent of Mussalmans in the administration. If your administration could not protect the life, liberty, honour and property of the Indian Muslims, who constitute an integral part of the Indian nation, give us power and weapons to defend ourselves. We could defend ourselves before partition. 14 per cent Mussalmans in UP held their own against 86 per cent; 11 per cent in Bihar against 89 per cent even; 7 per cent in Madras against 93 per cent could protect their life and property from the vandalism of miscreants.

Madam, we are not concerned with one Zakir Hussain or Fakhruddin Ali Ahmed. I would say in all earnestness, the highest positions in the land should go to the members of the majority community. We do not claim them We will be quie satisfied with small mercies.

عطائے تو بلقائے تو بخشیدم
[عطائے تو بلقائے تو بخشیدم]

Your gift, Mr. Chawan, I return to you with all good grace. I only urge upon you to give us representation in the Services, adequate though it may not be when 80 per cent of Hindu youths are knocking about the streets for careers they must be provided; but Mussalmans should also be provided particularly in the police and the executive so that as magistrates and police officers they can give some sort of natural protection to Mussalmans who suffer so much during the riots.

Madam, about language many hon. Members have already discussed; said and I would not stress it further. I would only add that Urdu is the only language in India which fortunately enshrines the culture and cultural heritage of Islam. Why should not the Government come forward to recognise Urdu as a regional language which has been guaranteed in the Constitution? A section of the people in India may perhaps go against this language; but I do not understand why the Government should, in violation of the spirit and letter of the Constitution, deny regional character to Urdu which has been guaranteed unto it in the Constitution.

Madam, there are so many problems before us—problems, big with the fate of the community and the nation problems of a far-reaching significance, problems which are bound to have repercussions upon the growth and evolution of Indian society. Madam, we look towards a greater India, a happier India, a brighter India in which all of us, Mussalmans, Hindus, Christians, Buddhists, must contribute according to our own lights and convictions.

श्री प्रेम चन्द वर्मा (हमीरपुर) : सभापति महोदया, मुझसे पहले भगवान पर विश्वास करने वाला और भगवान पर विश्वास न करने वाले दोनों पक्ष के सदस्य बोले हैं। एक पक्ष ने आर्थिक नीति के बारे में और सामाजिक तथा कानून के बारे में कहा है। मेरे कामरेड दोस्त ने होम मिनिस्टर की आलोचना की है और कुछ आशंकाएं भी जाहिर की हैं। दूसरे मेरे दोस्त ने बड़ा प्रभावशाली भाषण दिया है और उन्होंने जिन भावनाओं का और जिन भावनाओं के द्वारा अपने विचारों का उल्लेख किया है, उसकी तारीफ भी की जा सकती है। लेकिन एक ऐसा सवाल वे सामने लाए जो कि मुझे अखरता है। उन्होंने मुसलमानों के लिए अलग से कई चीजों की मांग की है और उनका गला भर आया था और वे इस तरह से बोल रहे थे कि जिससे सुनने वाला हर व्यक्ति उनसे हमदर्दी करता। लेकिन मैं यह समझता हूं कि यह हकीकत नहीं है। हम जिस समाज में रह रहे हैं वह जम्हूरी समाज है और इस जम्हूरी समाज में हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई का कोई सवाल नहीं है। हमारा जो विधान है, उस विधान में हर व्यक्ति को तरक्की करने के, उन्नति करने के रास्ते खुले हुए हैं और अगर

हम विधान के बारे में शंकाएं रखेंगें, तो मैं समझता हूं कि समाज में कोई कितना भी बड़ा हो और वह कुछ भी विचार रखे, किसी प्रकार से भी रखे, हम उन विचारों का, हम उन भावनाओं का आदर नहीं कर सकते, क्योंकि अपने इस समाज को, हिन्दुस्तान को, इस भारत को, हमें एक बनाना है और इस भारत देश ने, जिसने बड़े कड़ुवे घूंट पिये हैं, 1947 में जो यह बंटा है और पंजाब और बंगाल के लोगों को जिस का पता लगा है, जिनको तजुर्बा है, मैं समझता हूं कि हमें कोई ऐसी नींव नहीं रखनी चाहिए, जिस नींव के द्वारा हम हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई के बारे में ऐसी बातें कहें । मैं माननीय होम मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि वे विचार जो उन्होंने कहे उनको और मेरे विचारों को अपने सामने रखें और कोई विवाद इस प्रकार से नहीं होना चाहिए ।

इस से पहले कि मैं कुछ और बातें कहूं, मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं ने मेरे दोस्त श्री द्विवेदी ने कल जो भाषण दिया था, उस को पढ़ा था । मैं उन का भाषण कल नहीं सुन सका, लेकिन उन्होंने यह कहा था कि होम मिनिस्ट्री बिल्कुल असफल हो चुकी है और इस कारण हमारे होम मिनिस्टर को त्यागपत्र दे देना चाहिए । यह उन्होंने कहा था । श्री द्विवेदी जी मेरे दोस्त हैं और इस हाउस के सीनियर मेम्बर हैं, एक पार्टी के नेता हैं और मैं उनका आदर करता हूं पूरी तरह से, लेकिन कोई भी व्यक्ति चाहे कितना बड़ा हो, यदि हकीकत को नजरान्दाज करता है और एक आंख से देखता है तो हमारा फर्ज हो जाता है कि हम कहें कि वह दूसरी आंख भी खोले और उस आंख के खोलने के लिए मैं छोटा सा उदाहरण देना चाहता हूं ।

एक माननीय सदस्य : अगर वह काना हो ?

श्री प्रेम चन्द वर्मा : काना हो, तो मैं क्या कर सकता हूं, लेकिन मेरा ख्याल है कि वे काने नहीं हैं ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि सन् 1947–48 का टाइम जो था, उस वक्त होम मिनिस्टर का जो काम था, वह बड़ा अहम काम था । 1950, 1951 और 1952 में 600 रियास्तों का मसला हमारे सामने था और हमारे होम मिनिस्टर सरदार पटेल ने उस मसले को बड़ी योग्यता से, बड़ी मजबूती से हल किया । उसके बाद आजादी के दिन आये, जवाहरलाल जी का युग आया और वह इस प्रकार से चलता चला गया कि किसी भी होम मिनिस्ट्री को कोई मुश्किलात सामने नहीं आई । लेकिन 1967 के चुनावों ने एक नई समस्या खड़ी कर दी. . . .

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभाध्यक्षा जी, मैं पूछना चाहता हूं कि सदन में किसी सदस्य को इस बात की आज्ञा है कि वह दूसरों को अपने साथ बिठाकर पान वितरण करे ?

सभापति महोदय : मैं आपको धन्यवाद दूंगी कि आपने इस ओर ध्यान आकर्षित किया । मैं निवेदन करना चाहूंगी कि अगर यह हो रहा है तो इसको तुरन्त समाप्त करें और लाबी में जाएं ।

श्री प्रेम चन्द वर्मा : मैं कह रहा था कि उस वक्त सरदार पटेल ने वह समस्या हल की और जवाहरलाल के युग में किसी होम मिनिस्ट्री को कोई समस्या नहीं आई । 1967 के चुनाव के बाद विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न दलों की सरकारें बनीं और आपको मालूम होगा कि एक-एक प्रांत में 14-14 पार्टियों की सरकार बनी, भानमती के कुनबे की सरकारें बनीं । उनके पिटारे बनते गये और टूटते गये और इस तरह कई सरकारें बनीं । वह सारी की सारी समस्याएं होम मिनिस्ट्री के सामने थीं । एक ओर तेलंगाना का झगड़ा, दूसरी ओर चंडीगढ़ का झगड़ा था । इस प्रकार अगर इस बात को कोई आंख बन्द करके देखता है और कहता है कि कोई समस्या का हल नहीं हुआ, तो यह उचित नहीं कहा जा सकता । जिस देश में खून की नदियां बहीं, लेकिन सारी की सारी समस्याओं को कंट्रोल किया गया । मैं श्री चव्हाण जी

[श्री प्रेमचंद वर्मा]

को मुबारकबाद देता हूं कि उनकी मिनिस्ट्री ने बड़ा कार्य किया । अगर कोई मैम्बर इस बात को नहीं मानता और इस प्रकार की बात करता है तो वह हकीकत को नजरअंदाज करता है । मैं तो हकीकत को हकीकत कहा करता हूं । हकीकत को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। इसलिये मैं श्री चव्हाण साहब को तथा उनके मंत्रालय को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने बहुत से काम ऐसे किये हैं जिनसे देश की सुरक्षा हुई थी और सब की सुरक्षा हुई। मुझे उम्मीद है कि आइंदा भी वह ऐसा करते रहेंगे ।

अब मैं आता हूं सबसे पहले डिमांड नं० 45 पर जिसमें पुलिस के बारे में लगभग 70 करोड़ रुपये की डिमांड्स हैं । मैं इस सिलसिले में एक बात कहना चाहूंगा । (घंटी बजती है)...ये मेरे सुझाव हैं, भाषण मैंने नहीं करना है । उस 70 करोड़ रुपये में से मैं चाहता हूं कि जो हमारा पुलिस का सिपाही है, उससे लेकर सब-इंस्पेक्टर तक की तनख्वाहों की देखभाल की जाए और उनको इतनी तनख्वाह दी जाए कि उनका पेट भर सके और उनके बाल-बच्चों का कुछ हो सके । इसके साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूं कि पुलिस को इस ढंग से टेक्निकल और वैज्ञानिक शिक्षा दी जाए कि वह क्राइम को रोकने के लिए जरूरी कार्यवाही कर सके । उसके पास सब तरह के यंत्र हों ताकि वह मुजरिमों को ठीक ढंग से पकड़ सके और उनको सजा दे सके ।

डिमांड नं० 46 पर मैं कहना चाहता हूं कि उसमें 7 करोड़ रुपये जनगणना के बारे में हैं जो कि 1971 में होने वाली है । मैं कहना चाहता हूं कि जब हम सवाल पूछते हैं कि कितने बेरोजगार हैं तो उसमें यह भी पता लगाया जाए कि सरकारी नौकरी पर कितने हैं, उसके साथ ही खेतीबाड़ी कितने करते हैं । इसके अलावा मैं जो कहना चाहता हूं वह यह कि पीने के पानी जो कुदरत की चीज है, कितने लोगों को दे रखा है और कितने लोगों को ठीक तरह से मुहैया नहीं है । इस प्रकार की जो चीजें हैं वह जनगणना के फार्म में भरनी चाहियें । कितने लोगों को बिजली नहीं मिली, यह बात भी उसके साथ होनी चाहिए ।

अब मैं आपके सामने एक और बात रखना चाहता हूं, वह है मेरे प्रदेश के बारे में, हिमाचल प्रदेश के बारे में । मैं माननीय होम मिनिस्टर साहब से अर्ज करना चाहता हूं कि उनकी अपील पर और हम सब लोगों की कोशिश पर जो एक लाख कर्मचारी वहां पर नान-गजटेड हैं उन्होंने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है और ऐसी हालत पैदा कर दी है कि शान्ति की हालत में उनके साथ बातचीत की जाए । उनकी मांग है कि पंजाब के स्केल्स उनको दिये जाएं । वह कहते हैं कि पंजाब के स्केल से हमें कुछ कम नहीं चाहिए क्योंकि पहले वे पंजाब में थे । मैं उम्मीद करता हूं कि जब हालत नार्मल हो गई है तो पंजाब के स्केल के बारे में उनके साथ बातचीत किस प्रकार से हो, उस पर वह हमदर्दी से गौर करें। उसके साथ ही विक्टिमाइजेशन के जो वहां केसेज हुए हैं, सस्पेंशन हो गई हैं, वह सारी बातें वापस ले लेनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि उनको कहें कि वह वापस ले लें ।

दूसरी बात मैं यह कहूंगा कि बाउंडरी कमीशन...

सभापति महोदय : आपका टाइम खत्म हो गया । उनकी पार्टी का टाइम था ।

श्री प्रेम चन्द वर्मा : चंडीगढ़ के बारे में हमारे साथ बेइंसाफी हुई है । हिमाचल प्रदेश को उसका हिस्सा नहीं मिला जब कि बाउंडरी कमीशन की टर्म्स आफ रिफरेंस में भी यह था । ऊना तहसील का इलाका हमें मिलना चाहिए था । उसके साथ ही कांगड़ा, नंगल, पठानकोट, मुकेरियां घाट और काल्का भी हिमाचल प्रदेश को दिया जाए तथा वहां के लोगों की जो मांग है उसका फैसला हो । उन लोगों को बुलाया जाए और पूछा जाए कि वह कहां जाना चाहते

हैं, अगर वह हिमाचल प्रदेश में जाना चाहते हैं तो उनको हिमाचल प्रदेश में भेज दिया जाए। स्टट के लिए बहुत दिन से हमारे प्रदेश ने मुकम्मिल सिफारिश की है। मैं भी स्टेट के लिए जैसा कि होम मिनिस्टर साहब कहते हैं, उम्मीद करता हूं कि जल्दी दे देंगे। मुझे उम्मीद है कि 1971–72 का जो बजट आने वाला है उसमें हिमाचल प्रदेश को पूरे स्टेट का दर्जा दे देंगे।

इसके अलावा सेंटर-स्टट रिलेशंस के बारे में रिपोर्ट में यह कहा गया है कि ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स कमीशन ने इस बारे में रिपोर्ट दी हुई है। मैं जानना चाहता हूं कि वह इस बारे में बतायें कि जो रिपोर्ट मिली है, उस पर सरकार ने विचार किया है ? अगर किया है तो उस बारे में क्या फैसला हुआ ? क्या ऐक्शन ले रहे हैं ? क्योंकि मैं चाहता हूं कि चाहे कोई भी प्रदेश सरकार हो, कुछ भी हो, प्रदेश सरकारों को इस प्रकार से कोई काम नहीं करने देना चाहिए जिससे कि सेंट्रल सरकार कमजोर हो और इस बात का खास तौर पर ध्यान रखा जाना चाहिए कि कुछ भी तरीके अपनाए जाएं, कुछ भी सिफारिशें हों, लेकिन सेंटर को कमजोर करने की कोई बात नहीं मानी जानी चाहिए।

मेरा एक सुझाव यह है कि डिफेंस और कम्यूनिकेशन या रेलवेज के जो डिपार्टमेंट्स हैं, उनके साथ ही साथ ऐजुकेशन भी सेंटर के पास होनी चाहिए। एक सी एजुकेशन सारे प्रदेशों में हो, सारे देश में हो। यह जरूरी है कि हम सर्विसेज को राष्ट्रीय भावना दे सकते हैं, एक सी चीजें हम दे सकते हैं, इस बारे में भी सरकार को सोचना चाहिए।

इसके साथ ही मैं एक अर्ज यह करना चाहता हूं कि आइ० सी० एस० आफिसर और आइ० ए० एस० आफिसरों के जो विशेषाधिकार हैं वह समाप्त होने चाहिए। जब हम राजाओं को खत्म करने लगे हैं, उनके प्रिवी पर्स खत्म करने लगे हैं तो कोई वजह नहीं है कि हम आइ० सी० एस० आफिसर्स को विशेषाधिकार दें। उसके साथ ही आइ० ए० एस०, आइ० पी० एस० जितने भी सरकारी आफिसर्स हैं, इनके डाइरेक्ट रेक्रूटमेंट बन्द होने चाहिए और रेगुलर सर्विसेज में ही ज्यादा हिस्सा दिया जाना चाहिए ताकि वह लोग अच्छी तरह से काम करें।

सभापति महोदय : अब मैं आपको एक मिनट भी नहीं देना चाहती हूं। आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री प्रेम चन्द वर्मा : तो मैं कहना चाहता हूं कि आइ० ए० एस० में जो जाते हैं, वह सीधे डी० सी० हो जाते हैं या सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस बन जाते हैं। उनको कोई तजुर्बा नहीं होता। मैं समझता हूं कि जो शिक्षा हमें मिलती है, उसके मुताबिक काम हो जाना चाहिए। मैं, जो समय आपने दिया, उसके लिए धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य समाप्त कर चुके हैं अब वे अपना स्थान ग्रहण करें। मैंने श्री जे० मुहम्मद इमाम को बुला लिया है।

SHRI J. MOHAMED IMAM: Madam Chairman . . .

श्री प्रेम चन्द वर्मा : सभापति महोदय, मैं मिनिस्टर साहब के सामने देश की भावना रखते हुए कहना चाहता हूं . . . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Order please.

SHRI SHRI CHAND GOYAL (Chandigarh): One request. Kindly complete one round of all the parties before you give time to a second representative of those parties, which have already spoken. Major parties have not spoken yet.

MR. CHAIRMAN: If the hon. Members kindly resume their seats I will be able to explain the position. The position as it stands now is SSP 14; CPI 16; BKD 8; Congress (O) 4; Swatantra 14; Jan Sangh 9 and CPI (M) 16 minutes. I would like to go according to the maximum time at the disposal of the party. I am calling them first. I called Swatantra first. After that I will call the CPI (M). (*Interruption*).

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : परम्परा अब तक यहां की यह रही है जैसा कि गोयल जी ने भी बतलाया कि एक बार सब पार्टियां और ग्रुप्स जितने भी है एक, एक व्यक्ति उन का बोल जाता है, एक राऊंड जब पूरा हो जाता है तो जो शेष समय रहता है उस में फिर बाद में उन के वक्ताओं को बुलाया जाता है ।

SHRI RANDHIR SINGH: One this side and one that side.

MR. CHAIRMAN: I was taking the time of the parties rather than the first or second round. It is up to the parties . . .

SHRI VASUDEVAN NAIR (Peermade) : The usual practice is that major parties are all finished first.

MR. CHAIRMAN: All right. Already one Member has spoken from the Swatantra party. All right, I will give chance to the party which has not had a chance.

SHRI J. MOHAMED IMAM : I am already on my legs. You called my name.

MR. CHAIRMAN: I request you again. We shall follow the healthy conventions of the House. Your name will be taken up a little later. In respect of all those parties which have had one chance, I will call them later. I will call upon the CPI (M) which has 16 minutes at its disposal first. We shall follow the convention.

SHRI J. MOHAMED IMAM : You called my name, and I said 'Madam Chairman'. Now, strictly speaking, I was in possession of the floor. This is not the first time; yesterday also you called the Member of the Congress Opposition and he spoke and you called me. Now I am in possession of the House and if you ask me to sit down, I will have to protest against it.

MR. CHAIRMAN: I quite realise your point. I am telling you that you will be given a chance. There are certain parties who have not had a chance. I request you to give up the floor to them. You will get your chance in a few minutes. I hope you will kindly agree to that. I call upon the hon. Member from CPI (M) to speak.

SHRI P. GOPALAN (Tellicherry) : Madam, Chairman, I cannot proceed with my speech without having a look at the way this Ministry has been conducting itself by practising its favourite pastime of toppling operations. After 1967 elections, two non-Congress Progressive Governments emerged on the political scene of our country and these two governments were a direct challenge to the ruling party as well as the ruling government here. Since then this Ministry and our Home Minister, Shri Chavan sitting on the top of this Ministry are not happy at all. They toppled the two non-Congress Governments twice in Bengal and once in Kerala. We know that the head of the State Governor is appointed by the Union President. These governors are used as a convenient political tools. The Central Government and the Home Ministry used them to further their own political ends. The principles they have adopted in Kerala could not be adopted in West Bengal. In West Bengal, after the resignation of the Chief Minister, Shri Ajoy Kumar Mukherjee, the largest single party which was our Party must have been invited by the Governor to form the Government. But then the West Bengal Governor was given specific instructions by the Home Ministry not to invite Shri Jyoti Basu to form the Government. Shri Jyoti Basu was even prepared to prove his majority in the Assembly within two days of the forming of the Government. But then the Governor turned down this suggestion. He was not given that opportunity to form the government. But what they have done in Kerala is just contrary to what they have done in Bengal. After Shri Namboodripad resigned, Shri Achutha Menon was brought from Delhi to Kerala and he was asked to form the Ministry. On what basis was he asked to form the Ministry we do not know even now. The Chief Minister designate, Shri Achutha Menon categorically declared that he would not rule the State even for a single day with the support of the Congress Party. This was a firm declaration made by him, may be to hoodwink the people. Everybody knew Shri Achutha Menon had no majority among the MLA's without Congress support.

SHRI J. M. BISWAS (Bankura): That has been proved in the Assembly.

SHRI P. GOPALAN: Our party had a strength of 50 in the Kerala Assembly. The strength of S.S.P. members is 6. Both these parties declared that they were not supporting Shri Achutha Menon's Government; and one Member belonging to the K.T.P. and another as the K. S. P. along with two or three other independent members very clearly declared that they would not support Achutha Menon's Government. Thus the minority government was allowed to be formed in Kerala. He was given three long months to manipulate and prove his majority in the Assembly with Congress support. And even for convening the Assembly we had the Sacrifice of many lives. We conducted a bitter struggle and it was only after that that the Chief Minister was prepared to convene the Assembly and even now he is calling himself as a great democrat. This is double dealing. The Central Government have adopted different methods, one in Kerala and another in West Bengal. While in West Bengal Shri Jyoti Basu was prepared to prove his majority in the Assembly within two days he was not allowed to form the Ministry, in Kerala when Shri Achutha Menon was not even prepared to prove his majority in three months, he was allowed to form a minority government. And what was the expectation of Shri Achutha Menon? He said that half a dozen Communist Marxist members would defect to his side, that all the 6 members of the SSP would support him, even after the SSP leaders had firmly declared that they would not support him. It was on the basis of this anticipated election and support that Achutha Menon was invited. The reason for this is very clear. In Kerala they could have a sycophant's government through Shri Achutha Menon while in West Bengal they could not have a sycophant's government through Shri Jyoti Basu. So in Kerala they allowed it.

Here many members talk loudly about democracy. All this is mere bogus talk. They have no faith in and respect for democracy. This has been proved by the Home Minister's actions through the Governors in respective States. In identical circumstances, contradictory standards are adopted.

Here there are certain champions of democracy. We are dubbed wreckers of Constitution. Of course, our party is for a thorough change in the present Constitution. But every party is now championing the cause of democracy while actions prove otherwise. We know who has set a magnificient example for the democratic system in our country. When Shri E. M. S. Namboodiripad found he had no majority in Kerala Assembly within an hour he tendered his resignation and stepped down. But what have we seen in Haryana? When the so-called champions of democracy lost majority in the Assembly, they got the Assembly prorogued and thereby saved democracy! This is the wonderful spectacle we see at present. What happened in Jammu and Kashmir? When the champions of democracy lost the support of majority members, Shri Sadiq got the Assembly prorogued. This is how democracy was saved in these two States, by ruling Congress.

Some other members from the Opposition also shout so much about the sanctity of the Constitution and parliamentary institutions. But we have seen what happened in Gujarat. When they were about to face a snap vote against them, they immediately adjourned the Assembly. The same thing was done in Orissa where the Swatantra Party is in power. There also, when the big Champions found that they will have to face an adverse vote, they immediately adjourned the House. This is what we see.

SHRI PILOO MODY: A slight correction—it did not happen in Orissa.

SHRI P. GOPALAN: A much more strange thing happened in Kerala. The Assembly was adjourned. When was it? When the Central Committee of one of the constituent parties supporting the Government, took a decision, to quit the Government. (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN: Kindly address the Chair. No disturbance please.

SHRI YOGENDRA SHARMA: Twice they have been defeated in the Assembly. How many times more they want to be defeated? (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please do not get yourself involved in controversies.

SHRI P. GOPALAN : They were asked to withdraw from the Government, because the other constituent parties also were asked to withdraw from the Government (*Interruption*)—the right Communist party, the Congress party—(*Interruption*).

SHRI VASUDEVAN NAIR: It is a lie. They have not withdrawn their support. (*Interruption*)

SHRI P. GOPALAN: That is their decision. Without allowing the Assembly to have a thorough discussion on the budget, the Assembly was adjourned by the Chief Minister. This is a wonderful thing we have seen. All these people are the champions of democracy. Shri E. M. S. Namboodiripad, when he lost the majority in the Assembly, within an hour, tendered his resignation. (*Interruption*)

SHRI VASUDEVAN NAIR: He was thrown out. They had to go out. What else could he do? (*Interruption*)

SHRI P. GOPALAN: Sir, I want five minutes; my time is taken away by such interruptions.

SHRI VASUDEVAN NAIR: What is there to boast about it ? When one loses the majority, one has to resign. (*Interruption*).

SHRI P. GOPALAN : Sir, this nonsense should be stopped.

SHRI RANDHIR SINGH: Sir, this should be expunged.

MR. CHAIRMAN: I want the hon. Member to address the Chair. He should not get himself involved with the hon. Members there, and that will keep away the controversy. Please continue, if you want to continue.

SHRI P. GOPALAN: Madam, there has been so much loud talk about Marxist violence. So many instances have been quoted here. Sometime back, an hon. lady Member of this House painted a harrowing tale saying that truck-loads of sarees were carried from Rabindra Sarovar Stadium in Calcutta. I do not know what happened to those truck loads of Sarees after the impartial enquiry. After that, I do not know where this truck-loads of sarees has disappeared !

Then came the story that 14 bodies were recently exhumed from a grave. But here is a report published in *Patriot* of March 26th. The Inspector-General of Police, Shri S. M. Ghosh, according to this report, has said that two skeletons of bodies have been dug out, which appeared to have been buried long ago. It was reported in a section of the press that 16 bodies have been recovered. This is the type of propaganda which is being let loose by certain interested parties and the press which is always against the Communist Party (Marxist).

Madam, what is the basic reason for this vilification against our party? You know the basic reason is that our party has strengthened its position in West Bengal. Here, I may just read a few sentences from an article published in the *Indian Express* of the 12th March, 1970, by its Delhi Editor, Mr. Nandan Kagal. He says in this article:

> "Mr. Jyoti Basu's party has not only a wide base in West Bengal both in the cities and in the rural areas; what is even more significant in the context of the long-rope theory, the CPM's popular base has become considerably wider and stronger since the second United Front Government was formed a year ago."

He goes on to say:

> "The CPM has improved its position considerably amongst all organised section in the cities, despite the counter-efforts of other members of the United Front, particularly the CPI."

This is the basic reason why our party is sought to be isolated and our party people are vilified.

16 hrs.

The same author says:

> "In the rural areas also, the CPM today is much stronger than it was when the second United Front was formed after the mid-term poll in February last year. Indeed there is some reason to believe that the CPM now has firmer control over the countryside than the Congress Party ever had in the past."

This is the conclusion of the *Indian Express*, which is not favourable to us,

which has written this article. He goes on to say:

> "The only thing that Mr. Mukherji's fast did was to expose the Chief Minister and his Bangla Congress to public ridicule."

Lastly he says:

> "President's Rule would no doubt have to be followed in due course by a fresh election in West Bengal. It is just possible that in such a poll the CPM might emerge with an absolute majority even if the other parties combine against it."

This is the basic reason why the other parties are trying to vilify our party and isolate us, talk about law and order, exhuming 14 dead bodies from the grave, etc. At this rate they can exhume any number of bodies in Calcutta and say that they are the bones of persons killed by the Marxist workers.

Lastly, I would say something about the Shiv Sena atrocities in Bombay. The other day when I spoke about it, Mr. Shukla intervened and said that whatever the Member has said was most irresponsible and unfounded but here is a speech made by a Member of the ruling Congress, Mr. S. B. Sawant, in the Maharashtra assembly. He says :

> "If the Government failed to put down the menace of the fascist Shiv Sena the organisation might become a Frankenstein."

He goes on to say:

> "A Government which cannot fight such tendencies has no right to remain in power."

And lastly he says:

> "The Shiv Sena had grown largely because of the acts of omission and commission of the State Government."

He himself has admitted it and he has also said that some top leaders of the administration are having close links with the Shiv Sena. I do not know whether the Home Minister also is having some link with the Shiv Sena. Therefore, I conclude by saying that the Home Ministry has all along been specialising in toppling operations, and therefore I oppose these Grants.

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछली शहर) : मैं गृह मंत्रालय की जो बजट मांगें हैं उनका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

इस में सन्देह नहीं है कि आज देश में असामाजिक तत्व अपना सिर उठा रहे हैं । उन्होंने साम्प्रदायिकता की भावना भड़काई है और क्षेत्रीय और भाषाई प्रश्नों को ले कर एक चिन्तनीय स्थिति पैदा कर दी है । यह सन्तोष की बात है कि पिछला वर्ष भाषाई विवाद के बिना शान्तिपूर्वक बीता है और उस वर्ष में भाषाई झगड़े नहीं हुए हैं । लेकिन उसी वर्ष में जब हम गांधी शताब्दी मना रहे थे साम्प्रदायिक झगड़ा हुआ और प्रान्तीय झगड़े भी उभड़ कर सामने आए और उस कारण से हमारे देश की काफी बदनामी हुई । इतना ही नहीं हम ने देखा कि उत्तर प्रदेश चोरियों, डकैतियों, तथा कत्ल की घटनाओं से काफी आतंकित भी रहा । इन चीजों की तरफ सरकार का ध्यान विशेष रूप से जाना चाहिये । अगर ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में निराशा ही हाथ लगेगी और यह समस्या सरकार के लिए बड़ी ही चिन्तनीय बन जाएगी ।

जहां तक क्षेत्रीय झगड़ों का सम्बन्ध है, दो प्रान्तों की सीमायें इधर उधर बदलने का सम्बन्ध है, जैसे चंडीगढ़ का सवाल है या बैलगाम का सवाल है, उनको छोड़ भी दिया जाए तो भी बम्बई जैसे शहर में शिव सेना का जो संगठन रहा है, उसके द्वारा उपद्रव भड़काये गये हैं और दूसरे प्रान्त वालों के साथ बड़ा ही दुर्व्यवहार किया गया है । आज भी वहां इस तरह की घटनायें हो रही है जिन के कारण दूसरे प्रान्त वाले चिन्तित हैं । मैं चाहता हूं कि गृह मंत्री जी प्रान्तीय सरकार का ध्यान उस ओर आकर्षित करें और उसको कहें कि इस तरह की होने वाली दुर्घटनाओं को वह रोके ।

आजादी के पहले हमारे देश में साम्प्रदायिक दंगे बहुत हुआ करते थे । आजादी के बाद, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान बनने के बाद यह चीज काफी उग्र रूप में सामने आई । बाद

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

में उस में बडी कमी आई । लेकिन पिछले वर्ष जिस को हम गांधी शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहे थे, अहमदाबाद की घटनाओं को लेकर सारे देश में और दुनिया में हमारी बदनामी हुई और चिन्तनीय स्थिति पैदा हुई । लेकिन एक बात की तरफ मंत्री महोदय ध्यान दें । ये जो झगड़े होते हैं ये शहरों में ही होते हैं जहां पढ़ लिखे लोग ज्यादा होते हैं, जहां जात और सम्प्रदाय की बात नहीं होती है, वहीं पर ये झगड़े होते हैं । लेकिन गांवों में जहां साम्प्रदायिक कट्टरता भी होती है, जहां विभिन्न जातियों के लोग भी बसे होते हैं, ये झगड़े नहीं उभड़ते । शहरों में ही जहां पढ़े लिखे, सुशिक्षित, सभ्य कहे जाने वाले लोग होते हैं और जो अपने को आगे बढ़ा हुआ समझते हैं, अपने को सक्रिय नागरिक कहते हैं, वहां पर ये झगड़े यदा कदा होते हैं । आखिर इसका कारण क्या है ? कारण को ढूंढ कर उसका पता लगा कर उसको दूर करने का उपाय किया जाना चाहिए ।

राष्ट्रभाषा का प्रश्न ही बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है । पिछले साल भाषा को ले कर काफी काम हुआ है, इस दिशा में काफी प्रगति हुई है । लेकिन एक बात देखने में आती है । सन् 1965 से हिंदी राष्ट्र भाषा हो गई है और अंग्रेजी सहभाषा के रूप में चल रही है । लेकिन व्यवहार में देखने में यह आया है कि जैसे राष्ट्र-भाषा के पद पर अंग्रेजी हो और हिंदी सह-भाषा के रूप में चल रही हो । जिन चीजों का प्रकाशन सरकारी तौर पर होता है उनको पहले अंग्रेजी में दिया जाता है और बाद में उनका अनुवाद हिंदी में किया जाता है । होना यह चाहिये कि जिन को हम आसानी से हिंदी में दे सकते हैं, उनको पहले हिन्दी में दें और बाद में अंग्रेजी में दें अन्यथा दोनों को साथ साथ दिया जाए ।

जहां तक दक्षिण वालों का प्रश्न है, तमिल-नाडु के लोगों या डी० एम० के० वालों का सम्बन्ध है, मैं उनकी प्रशंसा करूंगा कि पिछले साल उन्होंने भाषा को ले कर कोई आन्दोलन नहीं छेड़ा है और न ही कोई झगड़ा खड़ा किया है और न ही कोई उत्तेजना इधर उधर पदा की है । लेकिन कांग्रेस के नेता श्री कामराज के मद्रास के कुछ भाषणों से कुछ बुरा असर पड़ा है और अगर उन्होंने ये वक्तव्य न दिए होते तो यह झगड़ा खड़ा न होता । हम लोग जानते हैं कि जब मद्रास के मुख्य मंत्री श्री राजा-गोपालाचारी थे तब उन्होंने हिन्दी को बढावा देने का प्रयास शुरू किया था। उन्हीं के नेतृत्व में स्टेशनों पर हिन्दी में लिखें गए साइन बोर्ड को तारकोल से पोता गया था। कांग्रेस के नेता पद पर पहुंचने के बाद भी उन्होंने उस मनोवृत्ति को नहीं रोका । 1967 के चुनाव से पहले भी उन्होंने इस तरह की बातें कीं और आज भी डी० एम० के० वालों ने जो इस बारे में फिर से बोलना शुरू किया है, उस का भी कारण उन का मद्रास का भाषण है । मैं समझता हूं कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के लोगों को सारे देश को ध्यान में रख कर बात करनी चाहिए ।

तामिल भाषा पुरानी है, उस का साहित्य पुराना है । उस में बहुत अच्छी बातें कही गई हैं । लेकिन अपनी जटिलता के कारण कहिये, या कठिनाई के कारण कहिये, वह तामिलनाडु के अगल-बगल में भी नहीं बढ़ सकी है । तामिलनाडु के पड़ौस में ही तेलुगु, कन्नड़, और मलयालम बोलने वाले लोग हैं । लेकिन तामिल भाषा उन लोगों पर भी अपनी छाप नहीं छोड़ सकी है । प्राचीन काल से लेकर अब तक उस का दायरा बहुत सीमित रहा है ।

इस की तुलना में हिन्दी काफ़ी व्यापक क्षेत्र में प्रचलित है । जिस भाषा को लोग आसानी से समझ सकें, उसी भाषा का विस्तार होगा । भाषा की समस्या का समाधान एक राष्ट्रीय स्तर पर ढूंढा गया था, इस लिए अब उसके विरोध का कोई औचित्य नहीं है । जिस भाषा का राष्ट्र-भाषा के रूप में गांधीजी ने समर्थन किया था, उस के विरोध का कोई कारण नहीं हो सकता है । जब श्री कामराज जैसे नेता इस तरह की बातें करते हैं, तो स्वभावत: कुछ उत्तेजना पैदा होती है । यह मालूम होता

है कि वे क्षेत्रीय दृष्टि से नहीं, बल्कि राजनैतिक दृष्टिकोण से ऐसा करते हैं । दूसरी पार्टियां भी उस का फायदा उठाने की कोशिश करती हैं ।

चूंकि समय नहीं है, इस लिए मैं संक्षेप में अपने क्षेत्र की तरफ माननीय गृह मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं । मैं ने इस विषय में बहुत से पत्र भी लिखे हैं । पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थित मछलीशहर की मेरी कांस्टीट्यूएन्सी में डकैतियां और कत्ल बहुत बढ़ गये हैं । ऐसी हालत हो गई है कि एक एक थाने में कई कई कत्ल हुए हैं, लेकिन कातिलों का पता नहीं चला है । इस कारण उस क्षेत्र के लोग बहुत आतंकित हो गये हैं । आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में सरकारें बदलती रहती हैं । वहां पर 1967 में एक सरकार बनी, लेकिन थोड़े दिनों के बाद ही एक दूसरी सरकार बन गई और फिर राष्ट्रपति-शासन आ गया । मालूम होता है कि इस तरह से सरकारों के बार-बार बदलने का आम लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ा है और खास तौर से डकैतों और अन्य असामाजिक तत्वों को बड़ा बढ़ावा मिल गया है, उन में निर्भयता सी आ गई है । अगर इस तरह की घटनाओं की तरफ़ ध्यान नहीं दिया जायेगा, तो यह समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है ।

इसलिए मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस स्थिति की तरफ़ प्रदेश सरकार का ध्यान दिलायें और वह जिन कत्लों और अपराधों का पता लगाने में असमर्थ रही है, गुप्तचर विभाग के द्वारा उन का पता लगाने की कोशिश करें ।

1967 के चुनाव के बाद राजनैतिक क्षेत्र में दल-बदल की प्रवृत्ति बहुत बढ़ गई है । पहले लोग जिस पार्टी से चुने जाते थे, उन की निगाह में उस का एक विशेष महत्व होता था । कोई सैद्धान्तिक मतभेद होने के कारण किसी पार्टी को छोड़ना तो आपत्तिजनक बात नहीं है, लेकिन आज यह हालत हो गई है कि शाम को लोग एक सिद्धांत और विचार के समर्थक बनते हैं और सुबह उस का परित्याग कर के दूसरी तरफ़ चले जाते हैं । हम जात-पात ताड़ने और साम्प्रदायिकता से ऊपर उठने की बात करते हैं, लेकिन कुछ राजनैतिक दल और ग्रुप भी इसी आधार पर बनाए जाते हैं । दल-बदल की यह स्थिति शासन चलाने के लिए बड़ी ख़तरनाक है । इस सम्बन्ध में कोई न कोई रास्ता निकालना चाहिए । यदि एक व्यक्ति किसी पार्टी से चुना जाये और उस के बाद उसको छोड़ दे, तो उस का स्थान रिक्त समझा जाना चाहिए और वहां फिर से चुनाव कराया जाना चाहिए, क्योंकि जिस जनता के समर्थन से वह चुना गया था, दल-बदल कर के उस ने उस जनता की भावनाओं और इच्छाओं के विपरीत काम किया है ।

श्री ग़यूर अली खां (कैराना) : मोहतरिमा चेयरमैन, हमारा मुल्क एक अज़ीम मुल्क है और एक बहुत बड़ी जम्हूरियत है । इस मुल्क में होम मिनिस्ट्री सब से अहम मिनिस्ट्री है, क्योंकि जितने भी अन्दरूनी इन्तज़ामात हैं, उनमें ज्यादातर होम मिनिस्ट्री का दख़ल है । जिस मुल्क के अन्दरूनी इन्तज़ामात सही हैं, वही मुल्क मज़बूत और ताकतवर हो सकता है । जिस मुल्क के अन्दरूनी इन्तज़ामात सही नहीं हैं, जिस मुल्क में झगड़े-फ़साद होते हैं, वह कभी ताकतवर नहीं हो सकता है, न वह अपना डिफ़ेंस कर सकता है, न अपने मुल्क की तिजारत और सनअतों-हिरफ़त को तरक्की दे सकता है, न तालीम के मैदान में तरक्की कर सकता है और न ही अपनी हिफ़ाज़त और तरक्की के लिए कुछ सोच-विचार कर सकता है । वह अमन-शान्ति और ला एंड आर्डर को भी कायम नहीं रख सकता है ।

बदकिस्मती से हमारे मुल्क में बहुत से झगड़े हैं, जिन पर तवज्जुह देना निहायत जरूरी है । अगर ऐसा न किया गया, तो मुल्क और डेमोक्रेसी को नुक्सान पहुंचने का अन्देशा है । हमारे सामने बहुत सी समस्याएं हैं, जिन को हमें हल करना है । हमारे यहां ला एंड आर्डर में कोताही है, अमन-शान्ति में कमी है, इलाकाई और लस्सानी झगड़े हैं, सरकारी मुलाज़िमों में अशान्ति है

[श्री ग़यूर अली खां]

और हमारे स्टुडेंट्स में इनडिसिप्लिन है। अगर हम इन सब मसलों की तरफ़ ध्यान नहीं देंगे और उन की तरफ़ से अपनी आंखे बन्द कर लेंगे, तो नतीजा यह होगा कि हमारे मुल्क को सख्त नुक्सान होगा।

यह एक नाकाबिले-इन्कार हकीकत है कि मुल्क के अन्दरूनी इन्तजामात करने के लिये पुलिस की जरूरत है, लेकिन हमारी पुलिस जनता की हिफ़ाजत करने और अमनो-अमान कायम रखने में बिल्कुल असमर्थ रही है। मुल्क में आये-दिन फ़िर्कावाराना फ़सादात होते हैं, लड़ाई-दंगे होते हैं, लोग लूटे जाते हैं, कत्ल किये जाते ह, मकानात को आग लगा दी जाती है और लोगों की प्रापर्टी बर्बाद की जाती है। लेकिन हमारी सरकार इस तरफ़ कोई तवज्जुह नहीं दे रही है। यह बात बड़ी ग़लत है। इस से मुल्क और डेमोक्रेसी को नुक्सान होगा।

पिछले साल काश्मीर में नैशनल इनटेग्रेशन कौंसिल का इजलास हुआ था। सैंटर में भी पार्टी लीडरस् की एक कांफ़रेंस बुलाई गई थी, जिस में यह तय हुआ था कि जहां भी दगे-फ़सादात होंगे, जहां भी कोई डिसटर्बेन्स होगी, इस कौंसिल के मेम्बर हर ऐसी जगह में भेजे जायेंगे। लेकिन मुझे मालूम हुआ है कि जहां भी कहीं झगड़े-फ़साद हुए हैं, या तकरार हुई है, या ऐसी समस्यायें पैदा हुई हैं, आज तक ऐसी किसी जगह भी इस कौंसिल का कोई दौरा नहीं हुआ है और न ही उन लोगों ने वहां जा कर यह मालूम किया कि किस की ज्यादती है और किस पर ज्यादती की गई है।

उस पर तमाशा यह है कि अगर कोई शख्स अज़खुद वहां जाने की कोशिश करता है, और जाता है, वहां के हालात मालूम करने के लिये, जो लोग सताये गये हैं, जिन के साथ ज्यादती की गई है, जो मज़लूम हैं, उन की मदद करने के लिए, तो उस पर एतराज किया जाता है, उस को फ़िर्कापरस्त, कम्यूनल, बताया जाता है, उस के मुताल्लिक कहा जाता है कि वह लोगों को उभाड़ने और उकसाने के लिए गया है। जब इलाहाबाद में फ़साद हुआ, तो राज्य सभा के मेम्बर, मौलाना असद मदनी, और यू० पी० कौंसिल के मेम्बर, मौलाना अब्दुल रऊफ़, उस फ़साद की खबर सुन कर लोगों को समझाने के लिए, उन की मदद करने के लिए, उन को तसल्ली और दिलासा देने के लिए वहां पहुंचे। लेकिन वहां की अथारिटीज ने, उन को पकड़ कर जेल में बन्द कर दिया। अगच वे सरकारी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन फिर भी उन के साथ ऐसा बर्ताव किया गया।

अहमदाबाद में फ़सादात हुए। जब हमारे डिपुटी मिनिस्टर, श्री यूनस सलीम, मौलाना असद मदनी और दूसरे साहब वहां गये, तो गुजरात गवर्नमेंट ने उन पर इल्जाम लगाया कि ये लोग मुसलमानों को बहका रहे हैं, गलत रास्ते पर डाल रहे हैं। अखबारों और मज़ामीनों में सेन्ट्रल गवर्नमेंट से शिकायत की कि ये लोग यहां के लोगों को बहकाने आये हैं, न कि अमन कायम करने के लिये। हकीकत यह नहीं थी, वे लोग देखने गये थे कि उन के हालात क्या हैं, उन को तसल्ली देने गये थे, उन के आंसू पूछने गये थे। मोहतरिमा, अगर यही हालत रबी तो मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान की डेमोक्रेसी को खतरा है, इस मुल्क को भी खतरा है। हमें भाइयों की तरह से मिलजुल कर रहना चाहिये, एक दूसरे के जज़बात का अहतराम करना चाहिये, एक दूसरे की मदद करनी चाहिये, मज़लूमों की फरियाद सुननी चाहिये और उन की मदद करनी चाहिये। मेरी राय में अगर ऐसा कर दिया जाय कि जिन लोगों के साथ ज्यादती हो, जिन पर जुल्म हो, जिनकी जायदादों को जलाया जाय, तबाह-व-बरबाद किया जाय, उन की फरियाद सुनी जाय, उस के उपर एक्शन लिया जाय और यह भी किया जाय कि जो लोग उस के लिये मुलज़िम और मुजरिम साबित हों, उन पर सख्त तावानी-जुर्माने किये जांय। जो अफसर इन मामलों में कोताही करते हुए साबित हों, उन पर सख्त कार्यवाही की जाय, सख्त सज़ा दी जाय, तो मैं समझता हूं कि इस तरह से इस चीज को रोकने में, फिरकेवाराना

फिसादों और रोज रोज के दंगों को रोकने में मदद मिलेगी।

मोहतरिमा, तशद्दुद की फिजा इस देश में बढ़ रही है और उस को बढ़ावा देने में हमारा सियासी निजाम बिलकुल खोखला हो गया है। ऐसे मौके पर अगर हम लोग जम्हूरियत और अदमेतशद्दुद के जरिये से देश में बुनियादी परिवर्तन लाना चाहते है तो आज ऐसा वक्त आ गया है कि जब सब लोगों को इकट्ठा हो कर यह तय करना होगा कि हम सब लोग मिल कर इस के लिये कोई तजवीज सोचें, कोई हल तलाश करें। अगर ऐसा नहीं होगा तो उस का नतीजा यह होगा कि देश को नुकसान पहुंचेगा।

अभी परसों की बात है—पटना स्टेशन पर श्री ज्योति बसु पर, जो बंगाल के डिप्टी चीफ़ मिनिस्टर थे, गोली चली। इस से साफ़ जाहिर है कि तशद्दुद उभर रहा है और उसको तकवियत पहुंच रही है। यहां हम सब को मिल कर इस को रोकने की कोशिश करनी है। मुझे उम्मीद है हमारे चव्हाण साहब इस तरफ़ तवज्जह देंगे और इस का इन्तजाम करेंगे ताकि तशद्दुद न उभरने पाये और मुल्क को नुकसान न पहुंचे।

हमारे सामने दूसरी समस्या यह है कि हमारे सूबों की सरहदों पर झगड़े हो रहे है। एक सूबा कहता है यह जमीन मेरी है और दूसरा कहता है कि यह इलाका मेरा है। इस पर अक्सर झगड़े होते हैं। मैसूर-महाराष्ट्र का झगड़ा, बिहार और यू० पी० का झगड़ा, पंजाब और हरियाणा का झगड़ा इस की मिसालें है। ऐसे झगड़ों को तय करने के लिए हमारी सरकार फौरन कोई कार्यवाही नहीं करती। अभी परसों यहां पर एक सवाल था, जिसका जवाब देते हुए मिनिस्टर साहब ने बतलाया था कि वह मामला हाई-कोर्ट पटना के अधीन है—मैं बिहार और उत्तर प्रदेश के सिलसिले में अर्ज कर रहा हूं। लेकिन बाद में मालूम यह हुआ कि बिहार की आर्म्ड-पुलिस ने आकर यू० पी० के काश्तकारों की पूरी फसल कटवा दी और वे देखते रह गये। यह भी मालूम हुआ कि 7 आदमी इस के अन्दर कत्ल हुए—यह बड़े दुख की बात है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भी पिछली दफ़ा आपने देखा कि क्या हालात हुए।

मैं आपके जरिये जनाब चव्हाण साहब से अर्ज करूंगा कि वह इन मामलातों में जल्द से जल्द तवज्जह दें और अगर कहीं ऐसा किस्सा खड़ा हो तो उस को कमीशन के जरिये फौरन तय करने की कोशिश करें, ताकि सूबों के ताल्लुकात खराब न हों, सूबों में रहनेवाले वाशिन्दों के ताल्लुकात खराब न हों।

हमारे यहां एक बात यह भी बहुत उड़ रही है कि यहां तीन सूबे ऐसे हैं यानी हिन्दुस्तान के तीन हिस्से ऐसे हैं जिन को आज तक स्टेटहुड नहीं दी गई है। अभी कल ही एक साहब मेरे पास आये और मुझ से कहा कि उन के कागज पर दस्तखत कर दूं। मैंने कहा—क्या चीज है। उन के कागज को पढ़ने के बाद मालूम हुआ कि वह मणिपुर के लिये स्टेटहुड चाहते हैं। हिमाचल प्रदेशवालों का भी यही मुतालबा है, त्रिपुरावालों का भी यही मुतालबा है कि उन को स्टेटहुड दी जाय। मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार को इस में क्या हिच है, क्या रुकावट है। वह इन हिस्सों को भी स्टेटहुड दे, ताकि उन को भी अपने अन्दरूनी मसायल को अपने जरायों से हल करने का मौका मिले, अपने इलाकों में वे आजाद हों और तरक्की कर सकें। हमारे सामने ऐसे बहुत से मसायल हैं जिन पर हम को तवज्जह देनी है और उन के कोई न कोई हल तलाश करने हैं।

अब मैं चव्हाण साहब की तवज्जह अकलियतों की तरफ़ दिलाना चाहता हूं। करीब करीब तमाम अकलियतों के साथ नारवा बर्ताव किया जाता है, इन में हरिजन भी शामिल हैं। अभी पिछली दफ़ा मैंने अखबार में देखा था कि बर्तन की चोरी पर एक हरिजन को जिन्दा जला दिया गया, कई जगह हरिजनों को मार दिया गया। मेरे अपने जिले में पांच हरिजन मारे गये। मैं चाहूंगा कि अकलियतों का तहफ्फुज हो, उन के साथ हमदर्दी का सलूक किया जाय

[श्री गयूर अली खां]

हमारे मुल्क में जुबानों के मुताल्लिक भी झगड़े चल रहे हैं । हमारे मुल्क में आईन के मुताबिक 15 जुबाने ऐसी हैं जिन को रीजनल लैंग्वेज करार दिया गया है । उन में से एक जुबान उर्दू भी है । मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उर्दू दिल्ली में पैदा हुई, दिल्ली में पली, दिल्ली में परवरिश पाई, यहां से चली और सारे हिन्दुस्तान में फैली । फिर भी बाज लोग गलतफहमी में उस को दूसरी जगह की जुबान बतलाते हैं, उस को मुसलमानों की जुबान बतलाते हैं, पाकिस्तान की जुबान कहते हैं—यह गलत चीज है । अगर हमारी कोई अच्छी चीज पाकिस्तान अपना ले, तो इस का मतलब यह नहीं है कि हम उस को छोड़ दें । उर्दू हमारी जुबान है, जो हिन्दुस्तान में पली, परवरिश पाई, तो हमें उस जुबान को उस का जायज हक देना चाहिये । कई साल हुए—जब हमारे स्वर्गीय राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद जी थे, उस वक्त 20 लाख आदमियों ने, जिनमें हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई सभी शामिल थे, दस्तखत कर के एक मेमोरेण्डम उन की खिदमत में पेश किया था जिसमें हम ने दरख्वास्त की थी कि उर्दू को चार सूबों में—दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में —दूसरी सरकारी जुबान तसलीम किया जाय । मैं माननीय मंत्री जी से गुजारिश करूंगा कि वह उर्दू को दूसरी सरकारी जुबान तसलीम कराने की तकलीफ़ गवारा फरमायें ।

सेन्ट्रल गवर्नमेंट के एम्पलाइज के मुताल्लिक भी मुझे कुछ कहना है । अगरचे हमारे मुअज्जिज वजीर श्री शुक्ला साहब ने उन के मुताल्लिक बहुत कुछ कह दिया है और मुझे बड़ी खुशी है कि उन्होंने यह भी कहा कि वे उन 1500 दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों के मामले में भी बहुत अच्छी तरह गौर करेंगे और उन के साथ हमदर्दी की निगाह से देखेंगे । मैं खुश हूं कि उन्होंने ऐसा कहा । मुझे उम्मीद है चव्हाण साहब उन सब को बहाल करने की तकलीफ़ गवारा फरमायेंगे और उन को खुश करने की कोशिश करेंगे ।

मोहतरिमा, मैं बड़ा मशकूर हूं आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मेरा जो टाइम बचा है, वह मेरे साथी निहाल सिंह जी इस्तेमाल करेंगे ।

श्री कुशक बाकुला (लद्दाख) : सभापति जी, गृह मंत्री महोदय ने जो मांगें पेश की हैं, मैं उनका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । सन 1967 के बाद इस देश के विभिन्न प्रदेशों में भिन्न भिन्न दलों की सरकारें बनी और समाप्त हुई, उनके बीच में काफी झगड़े हुए । इसके अलावा हमारा देश इस समय काफी कठिनाइयों से गुजर रहा है लेकिन हमारे गृह मंत्री ने दूरदर्शिता से काम लेकर लोकतंत्र को सुरक्षित रखा, और इस देश में शान्ति बनाये रखी, इसके लिए मैं उनको मुबारिकबाद देता हूं ।

अब मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान लद्दाख की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । एक साल पहले हमारे लद्दाख में जो हालत थी वह सूरत अब इस समय नहीं है । जम्मू कश्मीर गवर्नमेंट के चीफ मिनिस्टर, श्री सादिक साहब ने लद्दाख के संबंध में काफी दिलचस्पी इस बीच में ली है । लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं पूरे तौर पर उसका समर्थन करता हूं । वहां पर जो गजेन्द्रगडकर आयोग नियुक्त हुआ था उसने अपनी कुछ सिफारिशें दी थीं । उनकी मूल सिफारिशें 11 थीं जिनमें से केवल 6 सिफारिशों को ही अभी तक लागू किया गया है और उनपर भी पूरी तरह से अमल नहीं किया गया है । उन्होंने सबसे आवश्यक सिफारिश यह की थी कि लद्दाख का एक कैबिनेट मिनिस्टर होना चाहिए जो कि लद्दाख का मेम्बर हो तथा लद्दाख सम्बन्धी सभी शक्तियां उसी के सुपुर्द होनी चाहिए । लेकिन बड़े दुख की बात है कि अभी तक उस सिफारिश को अमल में नहीं लाया गया है । अभी तक केवल एक स्टेट मिनिस्टर लद्दाख का बनाया गया है और उसको भी लद्दाख अफेयर्स नहीं दिये गये हैं । पहले 14—15 साल तक वहां का डिप्टी मिनिस्टर, स्टेट मिनिस्टर और कैबिनेट मिनिस्टर रहा है फिर अब क्यों नहीं दे रहे हैं ? आज कल

लद्दाख एफयर्स एक ऐसे आदमी के पास है जो लद्दाख का रहने वाला नहीं है । लद्दाख अफेयर्स को कोई भी मिनिस्टर, जोकि लद्दाख का न हो, डील करें, इसपर हमें कोई भी आपत्ति नहीं है । लेकिन हमारे कहने का मतलब सिर्फ यही है कि जो दूसरे मिनिस्टर्स हैं वे रेल, मोटर और हवाई जहाज से चलना पसन्द करते हैं, लेकिन लद्दाख जाने के लिए पहाड़ों पर चढ़ना पड़ता है और घोड़ों की सवारी करनी पड़ती है और वहां पर खाने-पीने की सुविधा भी नहीं रहती है । इसके अलावा वे लद्दाख की जबान भी नहीं समझ सकते हैं । लद्दाख कितना बैकवर्ड है, कई सदस्य वहां पर गए हैं और वहां पर जाकर उन्होंने देखा है कि उन लोगों के रहन सहन, खाने पीने और पहनने की क्या हालत है । इसलिए उसको यहां पर बयान करने की जरूरत नहीं है । जम्मूकश्मीर के मुख्य मंत्री यहां पर आ रहे हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे होम मिनिस्टर साहब उनसे कहेंगे कि लद्दाख को एक कैबिनेट मिनिस्टर दिया जाये । लद्दाख आज शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक, सभी दृष्टियों से पिछडा हुआ है । लद्दाख में पहले पहल स्वर्गीय पं० नेहरू जी की कृपा से तथा सेन्ट्रल गवर्नमेंट की दिलचस्पी से काफी कुछ हुआ है तथा अब उसी कार्य को श्री सादिक साहब काफ़ी दिलचस्पी लेकर आगे बढ़ा रहे हैं । मैं इसलिए उनका बहुत शुक्रगुजार हूं । उन्होंने एक कमेटी भी बनाई और कहा है कि पूरे लद्दाख जिले को बैकवर्ड क्लास में शामिल कर देंगे लेकिन वह कब तक होगा ? मैं ने यहां पर सवाल किया था कि लद्दाख को शेड्यूल्ड ट्राइब्ज या बैकवर्ड क्लास में रखना चाहिए लेकिन उस वक्त जवाब दिया कि संविधान का वह अंश जम्मू कश्मीर में लागू नहीं है । लेकिन अब कहते हैं कि बैकवर्ड क्लास में शामिल कर देंगे परन्तु खाली एलान करने से ही तो नहीं हो जायेगा जबतक कि उसको किया न जाये । इस पर हमको सन्देह होता है। अगर जम्मू कश्मीर में संविधान का वह अंश लागू नहीं है तो उसको वहां पर लागू करना पड़ेगा । जब वहां पर एजिटेशन हुआ तो कह दिया कि कर देंगे लेकिन बाद में फिर कुछ नहीं होता है । इसलिए उसको वहां पर करना चाहिए । शेड्यूल्ड ट्राइब्ज में शामिल होना चाहिए । शेड्यूल्ड कास्ट का सवाल वहां पर इसलिए नहीं उठता है क्योंकि वहां पर ज्यादातर बुद्धिस्ट और मुसलमान हैं ।

जहां तक शिक्षा का सवाल है, वहां पर काफी बच्चे शिक्षा में दिलचस्पी लेते हैं । डाक्टरी, इंजीनियरिंग और दूसरी टेक्निकल एजूकेशन वह लेना चाहते हैं लेकिन उनको सीट नहीं मिल पाती है । बहुत से बच्चे आई० ए० एस० बनना चाहते हैं लेकिन उसके लिए शेड्यूल्ड ट्राइब्ज होना जरूरी है जिस से उनको कुछ कन्सैशन मिल सके । क्यूंकि लद्दाख के बच्चों की बुनियादी शिक्षा ही ठीक नहीं है इसलिए वहां के बच्चे दिल्ली और दूसरे प्रान्तों के बच्चों से मुकाबला नहीं कर सकते हैं । इसलिए इसकी तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है ।

गजेन्द्रगडकर कमीशन ने एक सिफारिश यह की है कि जम्मू कश्मीर राज्य के नाम में परिवर्तन करना चाहिए ताकि उसमें लद्दाख का नाम भी आये जिससे लद्दाखियों का विश्वास प्रबल हो सके । वैसे लद्दाख की तरफ किसी की निगाह नहीं जाती है । अगर चीन का हमला हो जाये या पाकिस्तान की तरफ से गड़बड़ हो जाय तभी लद्दाख की याद आती है । इस वक्त तो लद्दाख का नाम तक नहीं है, जम्मू कश्मीर का ही नाम है । गजेन्द्रगडकर कमीशन की उस सिफारिश पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है । मैं कहना चाहता हूं कि किसी न किसी दिन झगड़ा जरूर होगा, वहां के लोगों को एजिटेशन करना पड़ेगा और वहां के लोग एजिटेशन करेंगे ।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि लद्दाख के लिए एक डेवलपमेन्ट कौंसिल बनाई गई है, लेकिन साथ ही साथ यह भी कहना चाहता हूं कि उससे कोई खास फायदा नहीं होने वाला है क्योंकि उस के पास कोई पावर नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार से पहले

[श्री कुशक बाकुला]

लाहौल स्पीति में टगर कौंसिल बनी हुई थी जिसको कि पूरी पावर्स थी उसी प्रकार से पूरी पावर्स देकर के लद्दाख की डेवलपमेन्ट कौंसिल को भी बनाया जाना चाहिए ।

इसके साथ साथ एक बात मुझे यह कहनी है कि प्रीवी पर्स को यहां खत्म कर दिया गया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट से उसके बारे में निर्णय लेना चाहिए । मैं इसी सिलसिले में लद्दाख के राजा के सम्बन्ध में भी कुछ कहना चाहता हूं । वहां पर राजा महाराजा तो कोई होता नहीं था लेकिन राजा का नाम है । लद्दाख पहले तक स्वतंत्र राज्य था तथा वहां पर लद्दाख के राजा जिसका वंश, अभी तक कायम है, राज्य करता था । मैं इस बेसिस पर यह क्लेम कर सकता हूं कि लद्दाख को एक अलग राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिये । परंतु मेरी इस बात पर अब लोग हसेंगे क्योंकि मैं स्वयं समझता हूं कि यह सम्भव नहीं है । पर मैं तथा लद्दाख की जनता यह जरूर चाहेगी कि लद्दाख के राजा जिसके पूर्वजों ने स्वतंत्र लद्दाख पर राज किया था, को कुछ इमदाद दी जाय क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति इस समय अत्यन्त दयनीय है । उनकी प्रीवी पर्स का भी कोई सवाल नहीं है । उनका साधारण लोगों की तरह से भी गुजारा नहीं हो पाता है । जम्मू कश्मीर गवर्नमेंट की तरफ से उनको साल में 6 हजार रुपए मिलते हैं लेकिन उससे कोई काम नहीं चलता है । उनके पास बहुत से मंदिर हैं, उनको कुछ न कुछ पूजा करनी होती है और नया साल आने के मौके पर बहुत खर्चा करना पड़ता है । जो रुपया मिलता है वह उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी पूरा नहीं हो पाता है । उनका सालाना खर्चा करीब 53,225 रुपए होता है । लेकिन उस को पूरा करने के लिये, इस वक्त जो नये डेवलपमेंट कमिश्नर भजे हैं, उन्हों ने इंसाफ़ कर के 10,000 रु० के लिये सिफारिश की है । जो मेरी राय में काफ़ी नहीं होगा, इस रकम को और बढ़ाना चाहिये । जो इस वक्त के डेवलपमेंट कमिश्नर हैं वह नौजवान और सोच समझ कर काम करने वाले व्यक्ति हैं, और मुझे आशा है कि उन के द्वारा अच्छा काम होगा ।

आप ने सुपरिन्टेंडेंट पुलिस को भी यहां से ही भेजा है, वह भी बहुत अच्छे आदमी हैं, लेकिन इस बारे में मुझे यही कहना है कि जब लद्दाख के पढ़े लिखे नौजवान लड़के वहां मौजूद ह तो उन को पदोन्नति का अवसर क्यों नहीं दिया जाता ? कारगिल के वहां दो मुसलमान आदमी हैं, एक का नाम श्री हसन खां है और दूसरे का नाम श्री मुहम्मद अब्बास है । एक और हमारे बुद्धिस्ट भाई हैं जिन का नाम श्री कोनचोक हैं जो बहुत काफ़ी बात से वहां डी० एस० पी० हैं । आप उन को एस० पी० क्यों नहीं बनाते हैं ? जब लद्दाख के पढ़े हुए लोग हैं तो उन को मौका मिलना चाहिये ।

लेह में पन-बिजली के स्तकना प्रोजेक्ट को आप ने हाथ में ले लिया अच्छा किया । लेकिन लद्दाख में तीन तहसीलें हैं—लेह, कारगिल और एक छोटी तहसील ज़ान्सकर । इस छोटी तहसील में भी एक डीज़ल जैनरेटर लगाना चाहिये और पानी के द्वारा भी बिजली पैदा करने की कोशिश होनी चाहिये । कारगिल इलाके में एक मुरू नाला है, वहां से पनबिजली तैयार करने की एक स्कीम है लेकिन जो बिजली वहां पैदा की जायगी वह सिर्फ मिलिटरी की जरूरतों को ही पूरा करेगी लेकिन वहां के सिविल लोगों को इस स्कीम से कोई लाभ नहीं होगा । मेरी प्रार्थना है कि सिविल पौपुलेशन को भी बिजली देनी चाहिये । लेह में बुद्धिस्ट ज्यादा हैं, तथा कारगिल में मुसलमानों की संख्या अधिक है । अगर कारगिल में बिजली नहीं मोहिया की गई तो वहां चूंकि मुसलमानों की संख्या अधिक है इसलिए हो सकता है कि वहां के मुसलमान भाई यह सोचें कि उन के साथ भेदभाव किया जा रहा है और इस के लिये केन्द्रीय सरकार को दोषी ठहराया जा सकता है । इसलिये वहां भी बिजली का प्रबन्ध होना चाहिये । मैं ने इस बारे में होम सेक्रेटरी से बात की थी और उन को लिख रहा

हूं, होम मिनिस्टर से कहूंगा कि इस साल वह कारगिल में पनबिजली प्रोजेक्ट शुरू करें।

हिंदुस्तान में बौद्धों की संख्या कम है पर उन थोड़े लोगों पर भी जुल्म हो रहे हैं । अगर लोगों का धर्म परिवर्तन किया जाता है तो लोग उस का विरोध करते हैं, जब कि यदि यही काम और धर्मविलम्बियों द्वारा किया जाता है तो कोई उस की चिन्ता नहीं करता । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि अगर कोई आदमी अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन करता है तो उस का विरोध नहीं होना चाहिए । डा० अम्बेडकर ने लोगों को बौद्ध बल प्रयोग कर के नहीं बनाया था बल्कि भगवान बुद्ध का शान्ति, अहिंसा और मित्रता का संदेश दे कर लाखों लोगों को बौद्ध बनाया था, और यह लोग ज्यादातर अनुसूचित और आदिम जन जातियों से आये थे । बौद्ध धर्म में आने से पहले जो अनुसूचित जाति में होने के कारण उन को कुछ सुविधायें मिलती हैं वे सुविधायें उनके धर्म परिवर्तन के बाद बन्द कर दी जाती हैं । यह सरासर अन्याय है । पिछड़ी जातियों को कन्सेशन देने का पर्पज यह है कि उनको और जातियों की बराबरी में आने का चान्स हो । पर बौद्ध धर्म कबूल कर लेने से ही उनका यह पर्पज पूरा नहीं होता । उनकी स्थिति वैसी ही रहती है । अतः मेरे विचार में यह कन्सेशन उनको मिलना चाहिये । माननीय चव्हाण साहब जब महाराष्ट्र में मुख्य मंत्री थे तो उन्हों ने कुछ लोगों को सुविधायें दी थी । अब वह केन्द्रीय सरकार में गृह मंत्री हैं इसलिये उन से मेरी प्रार्थना है कि वह बौद्ध लोगों की मदद करें, और देखें कि उन को किसी प्रकार की धमकियां लोगों द्वारा न दी जायें ।

अब मैं एक बात नेफ़ा में स्थित तावांग मोनास्ट्री के बारे में कहना चाहता हूं । यह स्थान चाइनीज़ सीमा पर है । उस मौनास्ट्री के हैड लामा वहां के करीब 200 बच्चों के लिये एक एजूकेशनल इन्स्टीटयूशन खोलना चाहते हैं । उसके लिये उनकी आर्थिक सहायता की आवश्यकता है । मैं गवर्नमेंट से यह प्रार्थना करूंगा कि इस शुभ कार्य के लिये उनकी सहायता करें । इसके अतिरिक्त तवांग के सेला पास के जरिये एक सड़क द्वारा देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा जाय ताकि वहां की तरक्कीयाती कामों के करने में आसानी हो । इसके अतिरिक्त वहां पर पीने के पानी तथा सिंचाई के साधनों की उचित व्यवस्था बहुत जरूरी है ।

मैं इन शब्दों के साथ गृह मंत्री द्वारा पेश की गई मांगों का समर्थन करते हुए अपना विचार समाप्त करता हूं तथा आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे अपना विचार व्यक्त करने का अवसर दिया ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभाध्यक्षा जी, हमारे देश में गृह मंत्रालय का और गृह मंत्री का कितना महत्व है इस का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि स्वतंत्र भारत में गृह मंत्रालय का दायित्व सरदार पटेल ने स्वयं अपने कंधों पर लिया । सरदार पटेल का साहस, उन की निर्भीकता और उन की प्रतिभा तीनों ही गृह मंत्री के लिये आदर्श का काम कर सकती हैं । परन्तु दुर्भाग्य से सरदार के पश्चात् इन तीनों बातों में कुछ न्यूनता आती हुई दिखाई देती है । उदाहरण के लिये एक ही बात मैं कहना चाहता हूं । 1962 में जब हमारे देश पर चीन का हमला हुआ तो 14 नवम्बर, 1962 को हम ने इसी सदन में खड़े हो कर के सब ने एक प्रस्ताव पारित किया था जिस के शब्द थे कि "भारत की धरती जब तक हम स्वतंत्र नहीं करा लेते शत्रु से तब तक हमारा यह संघर्ष बराबर जारी रहेगा भले ही वह कितना ही लम्बा क्यों न हो ।" लेकिन कुछ दिन बाद आग चल कर जब राष्ट्रीय एकता का एक सप्ताह या दिवस मनाना हम ने प्रारम्भ किया तो हम ने उस प्रतिज्ञा को कुछ दूसरे शब्दों में बदल दिया । और उस प्रतिज्ञा के शब्द यह थे : "मैं अपने देशवासियों के संकल्प को दोहराता हूं कि मैं अपनी मातृभूमि की स्वाधीनता तथा एकता की रक्षा करूंगा चाहे इस के लिये संघर्ष कितना ही कड़ा और लम्बा क्यों न करना पड़े । मैं राष्ट्रीय एकता तथा सबलता के लिये तन मन से काम करने की शपथ लेता हूं ।" लेकिन इस बार राष्ट्रीय

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

एकता सप्ताह के सिलसिले में एक छोटा सा प्रकाशन भारत सरकार की ओर से प्रकाशित हुआ है । इस प्रकाशन में स्वयं इन्हों ने लिखा कि 1962 में चीन द्वारा आक्रमण के बाद शपथ की भाषा में थोड़ा परिवर्तन कर दिया गया है, और जो शब्द परिवर्तित किये गये हैं उन को भी मैं सुनाना चाहता हूं । "मैं यह प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं कभी हिंसा का प्रयोग नहीं करूंगा और मेरा विश्वास है कि धर्म, भाषा, प्रान्त संबंधी तथा अन्य सभी राजनीतिक और आर्थिक विवादों का शान्तिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल किया जाना चाहिये ।"

अब मैं आप के माध्यम से जानना चाहता हूं कि 1962 में जो संसद ने यह निर्णय किया था क्या भारत सरकार अपने उस निर्णय से हट रही है ? और अगर अपने निर्णय से हट नहीं रही है तो यह जो एक सरकारी प्रकाशन है कि जिस में 1962 की शपथ में परिवर्तन किये गये हैं उस के आधार क्या हैं ? क्या इसे हम यह समझें कि चीन का किसी तरह का दबाव इस प्रकार का पड़ रहा है कि जिस ने सरकार के सोचने के ढंग में परिवर्तन कर दिया है ? मैं गृह मंत्री महोदय से विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि सरदार पटेल जिस आसन पर बैठ थे आज आप उस आसन पर बैठे हैं और राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा का दायित्व आप के कंधों पर है । इस प्रकार के ये प्रकाशन जो सरकार की दुर्बलता के परिचायक हैं इन के सम्बन्ध में आप को गम्भीरता से कुछ निर्णय लेना चाहिये और सोचना चाहिये कि कौन तत्व हैं इस प्रकार के जो संसद के निर्णय के खिलाफ़ इस प्रकार के प्रकाशन कराते हैं ।

दूसरी बात मैं साम्प्रदायिक तनावों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । इस साम्प्रदायिक तनाव से निश्चय ही हमारे देश की जो आंतरिक स्थिति है उस में चिन्ता व्याप्त है और दुनिया के दूसरे देशों में हमारा देश बदनाम होता है । पहले मैं गृह मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि अब तक जितने भी साम्प्रदायिक उपद्रव हमारे देश में स्वतंत्रता के बाद हुए हैं, गृह मंत्रालय इस बात की जानकारी ले कि इन का प्रारम्भ कहां से होता है और कौन उन का प्रारम्भ करता है ? अगर इस देश का बहुमत उन का प्रारम्भ करता है अपने संख्या बल के दुरभिमान में, तब तो मेरा कहना यह है कि बड़ी कड़ाई के साथ उस पर नियंत्रण किया जाना चाहिये । और अगर अल्पसंख्यकों की तरफ़ से प्रारम्भ होता है तो मैं समझता हूं कि उन के अन्दर इतनी अज्ञता नहीं होगी । जब वह जानते हैं कि इस का परिणाम यह होगा कि हम को और हमारे दूसरे सहयोगियों को चोट लग सकती है । फिर भी वह इस का प्रारम्भ करें तो मुझे ऐसा लगता है कि कोई तीसरी शक्ति जरूर है जो आज भी 22 वर्ष के बाद हमारे सामाजिक जीवन को विषम बनाना चाहती है । उदाहरण के लिये मैं एक ही बात कहना चाहता हूं । पहले गृह-मंत्रालय जब अपनी यह वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करता था तो इस के अन्दर यह आंकड़े दिया करता था कि हमारे देश में दुनिया के किस किस देश के कितने नागरिक रह रहे हैं । लेकिन अब शायद जानबूझ कर गृह मंत्रालय ने अपनी दुर्बलताओं को छिपाने के लिये कई आंकड़े देना बन्द कर दिया है । लेकिन फिर भी प्रश्नों के उत्तर में यदा कदा कुछ इस प्रकार के आंकड़े सामने आ जाते हैं । अभी यहां जब पूछा गया कि हमारे देश में पाकिस्तान के नागरिक कितने ऐसे हैं कि जो पासपोर्ट ले कर के रह रहे हैं ? तो इन्हों ने 27-2-70 को उत्तर दिया कि इस समय पासपोर्ट के आधार पर जो पाकिस्तानी नागरिक भारत में रह रहे हैं उन की संख्या 27,615 है । जब यह पूछा गया कि ऐसे कितने हैं कि जिन के पासपोर्ट की अवधि समाप्त हो गयी और जो यहां रह रहे हैं । तो इन का कहना यह है कि 11,7171 दोनों को मिला कर यह संख्या लगभग साढ़े 39 हजार होती है । फिर यह पूछा गया कि ऐसे कितने हैं जो इस देश के अन्दर अवैध ढंग से रह रहे हैं या बिना पासपार्ट के रह रहे हैं ? तो 25-2-70 को

राज्य सभा में यह उत्तर दिया कि उन की संख्या 12,823 है, और जिन में 3,773 वह पाकिस्तानी नागरिक हैं कि जिनका कुछ पता ही नहीं है कि भारत के किस कोने में और किस प्रांत में हैं। इन आंकड़ों को अगर मैं जोड़ूं तो ये सब मिलकर 52 हजार के करीब बैठते ह। पहले गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा के आधार पर आसाम के अन्दर भी कुछ पाकिस्तानी अवैध रूप से प्रवेश कर गये थे। साढ़े तीन लाख से अधिक उनकी संख्या थी। उस में से शायद 50 हजार पाकिस्तानी वापस नहीं भेजे जा सके हैं। तो आज जो चार, पांच लाख पाकिस्तानी भारत के अन्दर रह रहे हैं, मैं गृह मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या गृह मंत्रालय ने इस बात की जानकारी ली है कि हमारे देश में जो साम्प्रदायिकता की आग जगह जगह पर भड़कती रहती है इनमें क्या इन पड़ोसी देशों और उनके एजेन्टों का हाथ तो नहीं है जो लोग हमारे देश के आन्तरिक जीवन को विषाक्त कर रहे ह।

दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे देश के अन्दर बहुसंख्यक हिन्दू हैं, हमारे देश में यहूदी भी रहते हैं, बौद्ध भी रहते हैं, पारसी भी रहते हैं उनके साथ साम्प्रदायिक विवाद की स्थिति कभी नहीं आई। इससे मुझे स्पष्ट प्रतीत होता है कि पड़ौसी देश हमारी स्वतन्त्रता के बाद इस प्रकार की गतिविधियां हमारे देश में जारी रखे हुए हैं जोकि हमारे सामाजिक जीवन को विषाक्त और हमारे देश को बदनाम करे।

अगली बात मैं जो कहना चाहता हूं वह प्रान्तों के विवादों के सम्बन्ध में है। प्रान्तों के विवादों की स्थिति हमारे देश में इस प्रकार की होती जा रही है जैसे कि दो शत्रु देशों की आपस में। बेलगांव को लेकर मैसूर और महाराष्ट्र में जो तनाव आजकल बढ़ रहा है, वह बिल्कुल इसी प्रकार का है। कुछ दिन पहले चंडीगढ़ को लेकर पंजाब और हरियाणा में एक तनाव चला। तेलेंगाना को लेकर आन्ध्र प्रदेश में इसी प्रकार की स्थिति चल रही है। उसमें 300 के लगभग लोग मर गये और एक हजार से अधिक घायल हुए और कहा जाता है कि 25 हजार के लगभग जेल में गये, जिसमें 30 वहां के विधान सभा के सदस्य भी थे। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि सरकार के निर्णय लेने की स्थिति क्या है? सरकार में कुछ दिन पहले चंडीगढ़ के सम्बन्ध में निर्णय लिया। न्याय कहता है कि चंडीगढ़ हरियाणा को जाना चाहिए, शाह कमीशन की रिपोर्ट कहती है कि चंडीगढ़ हरियाणा को जाना चाहिए। लेकिन क्योंकि हरियाणा की जनता सीधी-साधी थी, इनके पास जल मरने की धमकी देने की और इसी प्रकार की दूसरी बातें नहीं थी। इसका परिणाम यह हुआ कि चंड़ीगढ़ पंजाब को दिया गया। पर चंडीगढ़ पंजाब को दिये जाने के बाद आज क्या पंजाब में चंड़ीगढ़ के प्रश्न पर शान्ति हो गई? पहले जो वहां के चीफ़ मिनिस्टर गुरनाम सिंह थे, उन्होंने निर्णय होते ही फिर धमकी देना शुरु कर दिया। अब जो नई सरकार बनी, वह भी इस प्रकार की धमकी दे रही है और मुख्य मंत्री धमकी दें तो दें, यह बात समझ में आ सकती है। लेकिन सबसे बड़ी आपत्ति की बात यह है कि गृह मंत्रालय जिन लोगों को राज्य के राज्यपाल के पद पर बैठाता है, इस प्रकार के जिम्मेदार आदमी अगर किन्हीं प्रान्तों में जा कर आग भड़काने की कोशिश करें और गृह मंत्री चुपचाप बैठ कर देखते रहें तो क्या यह गृह मंत्री का काम है? राजस्थान के राज्यपाल श्री हुकम सिंह ने अभी चंडीगढ़ के एक कालेज के दीक्षान्त भाषण में फाजिलका और अबहोर के प्रश्न को लेकर यह कहा कि पंजाब को बहुत महंगी कीमत चुकानी पड़ी है। केन्द्रीय सरकार के इस निर्णय के और भी दुष्परिणाम हो सकते हैं। मैं चाहता हूं कि गृह मंत्रालय को इस के ऊपर मजबूती के साथ कोई कदम उठाना चाहिए। अगर इस प्रकार से एक प्रान्त का राज्यपाल दूसरे प्रान्त में जाकर इस प्रकार की आग भड़काए, तो इस प्रकार के लोगों को राज्यपाल के जिम्मेदार पद पर बैठने का

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

कोई अधिकार नहीं है। मेरा कहना यह है कि आप इस पर गम्भीरता से सोचें।

तीसरी जो सबसे बड़ी बात है वह है सीमा विवाद। मेरा तो निश्चित रूप से यह सुझाव है कि जितने भी राज्य के इस प्रकार के विवाद हैं सीमा सम्बन्धी या किसी और प्रकार के इस के लिए कोई एक निष्पक्ष न्यायाधिकरण बनाया जाए लेकिन वह वास्तव निष्पक्ष न्यायाधिकरण हो। उस की राय का या उसकी जो रिपोर्ट हो, उस का सम्मान होना चाहिए। ऐसा न हो कि शाह कमीशन की तरह से उसकी रिपोर्ट आए और फिर वह इस प्रकार विवाद का विषय बन जाए। इस पर आप को गम्भीरता से सोचना चाहिए।

दूसरी बात, मैं अपने वक्तव्य को समाप्ति की ओर ले जाते हुए, राज भाषा के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। राजभाषा के सम्बन्ध में मेरा कहना है, चव्हाण साहब को यह पता है, कि आज देश में अधिकांश राज्यों के विश्वविद्यालयों ने अपने राज्यों की भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बना दिया है, पर दुख है कि जो संघीय लोक सेवा आयोग है, उस पर अंग्रेजी छाई हुई है। 1967 के राज्य भाषा संशोधन विधेयक के अनुसार इस देश की राज्य भाषा हिन्दी है, अंग्रेजी केवल सह-भाषा है, लेकिन कानून के हिसाब से तो हिन्दी ही राज भाषा है, पर धक्केशाही के हिसाब से अंग्रेजी राज भाषा है, मैं तो यह कहना चाहता हूं कि 1967 के कानून में आपने इजाजत दी है कि आपके कार्यालयों में काम करने वाले व्यक्ति चाहें तो छोटी छोटी टिप्पणियां हिन्दी में लिखें। लेकिन मुझे पता है कि आज आप के इन कार्यालयों में इस प्रकार के अधिकारी बैठे हुए हैं जो कि मौखिक रूप से उनकी धमकियां देते हैं कि अगर वे हिन्दी में टिप्पीणयां लिखेंगे तो उनकी पदोन्नति पर असर पड़ेगा। मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। आप कम से कम इतना काम करें कि जो हिन्दी जानने वाले मंत्री हैं अगर वे कुछ थोड़ा बहुत हिन्दी में काम करना प्रारम्भ कर दें, सचिव या संयुक्त सचिव के स्तर पर काम हिन्दी में करना प्रारम्भ करें तो नीचे के व्यक्तियों को उससे प्रोत्साहन मिलेगा और इससे एक वातावरण बनेगा। आप इस दृष्टि से इस पर विचार करें।

अगली बात, सभापति महोदया, आपके माध्यम से मैं इस लोक सभा के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। इस रिपोर्ट में यह लिखा हुआ है कि राज्य सभा ने अपने यहां अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी अधिकांश काम प्रारम्भ कर दिया है। आज ही का समाचारपत्र आपने देखा होगा। जरा सी घटना राज्य-सभा में घटी कि वहां की जो सिनोपसिस है, सारांश है, एक दिन देर से आया और राज्य सभा के अन्दर शोर हो गया। यहां पर तो पन्द्रह पन्द्रह दिन में सारांश मिलता है। मैं आप से केवल इतना कहना चाहता हूं, आपके माध्यम से गृह मंत्रालय को कि वह लोक सभा सचिवालय को इतना कह दे कि लगभग 150 सदस्य यहां इस प्रकार के हैं जिनको अंग्रेजी के आप के प्रशासनों से कोई लाभ नहीं हो पाता और वे अभी तक धैर्य से काम ले रहे हैं। क्या आप यह चाहेंगे कि लोक सभा में खड़े हो कर किसी प्रकार का प्रदर्शन उन्हें करना पड़े? ऐसी स्थिति न आने पाये तो कम से कम यह अवश्य होना चाहिए कि जितने भी विधेयक या जितनी भी सरकारी विज्ञप्ति आएं, उनको दोनों भाषाओं में आना चाहिए। संविधान में आने के बाद और राज-भाषा संशोधन विधेयक के पश्चात हिन्दी का अपमान नहीं होना चाहिए।

दो बातें और हैं जिनको मैं संक्षेप में कहना चाहता हूं। एक बात तो कहना चाहता हूं लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु की जांच के सम्बन्ध में। श्री यशवन्तराव चव्हाण, हमारे देश के उस समय रक्षा मंत्री थे जिस समय कि लाल बहादुर शास्त्री का देहावसान ताश्कन्द में हुआ। सरदार स्वर्ण सिंह भी वहां पर थे। अब जो तथ्य धीरे धीरे प्रकाश में आ रहे हैं जैसे डाक्टरों की रिपोर्ट परस्पर विरोधी है इन तमाम तथ्यों ने देश के मस्तिष्क

में बड़ा भारी सन्देह उत्पन्न किया हुआ है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लिए अगर आप इस बात को स्वीकार करते हैं कि उनकी मृत्यु की दुबारा जांच करने के लिए मंत्री-परिषद एक व्यक्ति के आयोग की नियुक्ति कर सकती है, तो लाल बहादुर शास्त्री तो इस देश के प्रधान मंत्री थे और ऐसे प्रधान मंत्री थे कि जिन्होंने कुछ महीनों में ही इस देश के दिल को जीत लिया था। मैं आपके माध्यम से गृह मंत्रालय से कहना चाहता हूं कि लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु किन परिस्थितियों में किन कारणों से और कैसे हुई, इस की एक उच्च-स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिये, जिससे कि इस देश के दिमाग में बैठा हुआ जो सन्देह है, वह मिटे। मेरे पास कुछ तथ्य हैं और मैं चाहता हूं कि अगर उच्च-स्तरीय जांच होगी, तब उनको उसके सामने रखूंगा और अगर उच्चस्तरीय जांच का कोई फैसला नहीं किया गया तो विवश हो कर सदन के अन्दर उन तथ्यों को रखना पड़ेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस प्रकार का निर्णय लेना चाहिए।

अन्त में एक बात, जिसको कह कर मैं बैठ जाना चाहता हूं, प्रशासनिक सुधार आयोग के सम्बन्ध में है। प्रशासनिक सुधार आयोग की 27 रिपोर्टें आप को मिल चुकी हैं और 27 रिपोर्ट मिलने के बाद भी आपने कोई अमल उन पर नहीं किया। जब प्रशासनिक सुधार आयोग बैठा था तो आप ने यह कहा था कि इस को इसी तरह का महत्व दिया जाएगा जिस तरह से अमरीका में हूवर कमीशन को महत्व दिया गया था। 27 रिपोर्टों के मिल जाने के पश्चात भी आपने कितने प्रतिशत रिपोर्टों पर अमल किया है? इतना उच्च-स्तरीय आयोग आपने बैठाया और होना तो यह चाहिए था कि आज उस की रिपोर्ट आती और कल सरकार उस पर निर्णय लेती। लेकिन वह तो आई० सी० एस० और आई० ए० एस० आफिसर्स के चक्कर में पड़ी है। उन पर टिप्पणी चल रही है, उन पर नोटिंग चल रही है और प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्टों को रद्दी की टोकरी में फेंकने की तैय्यारी की जा रही है। अगर इतने महत्वपूर्ण आयोग की रिपोर्ट पर सरकार अमल नहीं कर सकती, तो इस देश में कोई आयोग बैठाने का कोई अर्थ नहीं रहेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसपर गम्भीरता से विचार करना चाहिए और उनके सुझावों को तत्काल लागू करना चाहिए

MR. CHAIRMAN: Shri Randhir Singh.

SHRI RANGA (Srikakulam): When is Shri Imam going to be called?

MR. CHAIRMAN: That question has already been resolved. Probably you were not in the House at that time.

SHRI RANGA: We cannot go on waiting for three rounds.

MR. CHAIRMAN: It has already been decided that every party must have a round first. The first round is completed with Shri Prakash Vir Shastri's speech. After this the second round will start and Shri Imam will have the first chance.

SHRI SHRI CHAND GOYAL: The time allotted for the party in power and the Opposition is fixed. The ruling party was allotted 3 hours and 5 minutes. You should call them only after taking into consideration the 40 minutes that the Home Minister is likely take. If some time remains after that, you can accommodate them. But if their time is exhausted . . .

MR. CHAIRMAN: It is not exhausted.

SHRI BAKAR ALI MIRZA (Secunderabad): Those who are on your list should be given some time because they have been waiting here in the queue.

SHRI SHRI CHAND GOYAL: Kindly find out how much time has been taken by the party in power.

MR. CHAIRMAN: Mr. Bakar Ali Mirza, your name happens to be in a group which has not time allotted to it.

SHRI BAKAR ALI MIRZA: I should have been told that I will not get a chance. I have been waiting for three days. I have no time to waste. I have not come here only to listen to you or to these people. I have also something to say.

MR. CHAIRMAN: Shri Randhir Singh.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : मैडम, हमारा देश एक अमली दौर से गुजर रहा है। कई ताकतें ऐसी है जो देश में तब्दीलियां चाहती है। जब तब्दीलिया होती है किसी देश में तो उसमें कुदरती तौर पर कुछ जगह ऐसी बातें भी है जिनके लिए तजबीज होती है, लेकिन फिर भी, होम मिनिस्ट्री की तरफ़ इसकी जो कारकीर्दगी है, पिछले कई सालों से उन बातों में हम महसूस करते है कि खमियां भी हो लेकिन कई चीजें ऐसी है जिनसे हम दिली तसल्ली है। जैसे नागालैंड का मसला है, जैसे वहां पहले हालात थे, अब वहां हालात खराब नही है और इसके लिए हम कुछ न कुछ मुबारकबाद देते हैं होम मिनिस्ट्री को कि वहां इलेक्शन के बाद ऐसी ताकतों के हाथ में हुकूमत है जो कि देश की साथ ज्यादा से ज्यादा रिस्ता-नाता जोड़ती जा रही है और जो ताकतें देश के खिलाफ पहले काम करती थी वह नहीं है।

काश्मीर में भी शेख अब्दुल्ला को बड़े गर्ममिजाज होते थे, उनके दिल मे तब्लीदी आती मालूम देती है और वह हिन्दीके हिन्दुस्तान के हक की बातें करने लगे है। असम में भी जहां झगड़े होते थे, वहां भी हम देखते है कि मेघालय में जो रिफाइनरी का झगड़ा था वहां अब हालत नार्मल हो गई। जहां तक लैंग्वेज का सव्वाल है, तमिलनाडु में जो कंट्रोवर्सी चलती थी, वह भी पूरी की पूरी तो नहीं, कमोवेश 80 प्रतिशत तय हो चुकी है। बंगाल में की एक दो दफे मिनिस्ट्री को हटाने की कोशिश की गई, उनको काबू कर लिय गया। हिमाचल में आप देखिए, वहां कई हजार मास्टरों ने हड़-ताल की, वह भी डालात अब ठीक हो गए। अहमदाबाद में आपने देखा कि देश बड़ी गलत डाइरेक्शन में चल रला था, लेकिन होम मिनिस्ट्री ने महसूस किया कि इसका हल होना चाहिए और इस रिपोर्ट भी हमने सोंपी तो नज आया कि उधर भी कोई न कोई देश के हित की बात कही जा रही है। डिफे-क्शन के लिए कमेटी बनाई हुई है।

मैं ज्यादा टाइम नहीं लूंगा। मुझे 4-5 मिनट डिस्टर्ब न कीजिए। जो बात मैं कहना चाहता था, वह यह है कि होम मिनिस्ट्री की तरफ से एक वार्निंग आई है कि इस देश में वह हालात नहीं है, जो गरीब जनता चाहती है वह जल्दी से जल्दी किया जाय वरना इस देश के लिए खराबी हो सकती है। यहां के हालात खराब हो जाएंगे। जितनी भी बातें मैंने कही है उनके लिए होम मिनिस्ट्री की छाप है, जितमें वजीर है उनकी छाप है, उसको हमें दरगुजर नहीं करना चाहिए, वरना हमारी कोताही होगी।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं वह मेरे सूबे के सिलसिले में है, फाजिल्का के मिलसिले में। हमें मंजूर नहीं था, फिर भी चंडीगढ हमसे लिया गया क्योंकि मैं महीं मानता हूं कि चंडीगढ़ और खरड का 75 परसेंट पंजाबी स्पीकिंग है। मैं पाटिल साहब की बात यहां मानता हूं कि एक ओर तो जुडिशरी को वह चीज दी जाए और मैं उनकी बात को दुहराता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के 5-7 जजों का परमेनेंट पैनल क्रियेट किया जाय और वह ऐसे झगड़ों को जिनमें करोड़ों लोगों का खून होता है इस किस्म के तथा चंडीगढ़ और खरड हिंदी स्पीकिंग हैं या पंजाबी स्पीकिंग हैं, हरियाणा का है या पंजाब का है। वह काम उनको सोंप दिया जाय। फ़ाजिल्का का बाउन्ड्री कमीशन से क्या ताल्लुक है। उसका कबजा हमें दे दिया जाए। अगर वह नहीं करेंगे तो वहां तो कौवे बोलने लग जाएंगे। पानी नहीं मिलेगा, कोई रोड्स नहीं बनेगी। उन लोगों को क्यों फांसी के तख्ते पर लटका रहे हो। मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि फाजिल्का तुरंत हमको दे दिया जाए। बाउंडरी कमी न की जो बात कही गई है यह उस को आग लगा रही है। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अगर कोई झगड़े हों तो उनके चीफ़ मिनि स्टर आपस में बैठकर तय करें, वरना वह

काम पैनल को दिया जाए। अगर एक कमीशन आपने बना दिया, शाह कमीशन की क्या दुर्गति हुई महाजन कमीशन की क्या दुर्गति होगी, इन कमीशनों से भगवान हमें बचाये, हम इन कमीशनों की बात नहीं मानते। हाई कोर्ट के जज और आप क्या फैसला करते है यह सभी को मालूम है। आप उनको क्यों इन कमीशनों में डालकर उनकी बेइज्जती करते हो।

जब जो बात मैं खास तौर पर कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे देश में सबसे ज्यादा खतरा इंडियनाइजेशन से है। आप इंडियनाइज किसको करते हैं। यह देश सिखों का है, हिन्दुओं का है, बौद्धों का है, चीनियों का है। तुम ठेकेदार इस देश के कहां से बन गए। यहां दस करोड़ आसमी हैं, कितनी पार्टियों का यह देश है, विरादरी का है, उसके लिए रेक्रूटिंग आफिसर जनसंघ को बना दिया कि यह मुसलमान हिन्दुस्तानी है या नहीं, सब सबसे ज्यादा छुरा घोंपने वाली बात है देश के लिए। देश के इंटिग्रेशन के लिए ये दुश्मन हैं।

दूसरी डिसेंट्रलाइजेशन की बात करते हैं। बंगाल के भाई कहते हैं कि हमें जगहें दो वरन हम इस देश में एक इंकलाब ला देंगे, हम पार्लियामेंट्री सिस्टम में विलीन नहीं करते। केरल के भाई कहते है हमें गेहू हो, चावल दो, नहीं दोगे तो हम अलग हो जाएंगे। अगर डिसेंट्रलाइजेशन की बात न रोकी गई तो यह देश के लिए बहुत बड़ा खतरा है। मैं समझता हूं कि देश में सेंट्रलाइजेशन करो। अगर चार-पांच जोन बना दें तो अच्छा है। पांच-सात सूबों के अन्दर एक जोन बना दिया जाए।

17.08 hrs.

[**Shri Shri Chand Goyal** in the chair]

पांच-सात सूबों का एक जोन बना दिया जाए और उनके लिए एक सर्विस कमीशन बना दिया जाए, एक हाई कोर्ट बना दी जाए। वरना इस देश का क्या बनेगा। हिन्दुस्तान में 148 सूबे भी बन जाएंगे तो भी कसर रहेगी। तो डिसेन्ट्रलाइजेशन का जो नारा है, इसके नाम पर जो झण्डे जलाये जाते हैं, जो रेलें फूकी जाती हैं, जो आईन की धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह खत्म कर दो।

ओवर सेंट्रलाइजेशन की जो बात करते हैं वह ठीक नहीं। क्या आप भैंस का भी नेशनलाइजेशन करेंगे, बकरी का नेशनलाइजेशन करेंगे? किसान कहता है कि सीलिंग तो कर दी फिर भी सीलिंग की ज़मीन हमारे पास रहेगी या नहीं। कुम्हार कहता है कि मेरा गधा मेरे पास रहेगा या नहीं। चरवाह कहता है मेरे पशु मेरे पास रहेंगे कि नहीं। दुकानदार कहता है कि सीलिंग मुकर्रर करने के बाद भी मेरी दुकान रहेगी या नहीं। या गरीब हरिजन मकान भी उसके पास रहेगा या नहीं। यह ओवर सेंट्रलाइजशन का जो बिल है, नाथपाई का जो बिल है, यह आम देश में चला गया है इस बात को आप देखें।

यह ओवर नेशनलाइजेशन की बात खत्म होनी चाहिये जिसमे कि एक काश्तकार की 20-20 एकड़ तक के लैंड पर यह सीलिंग आदि न लगाई जाय और इस लिमिट तक न छेड़ा जाय बाकी के ऊपर जो करना हो वह भले ही करा जाय....

सभापति महोदय: माननीय सदस्य अब बैठ जायं। मैं दो मर्तबा घंटी बजा चुका हूं।

श्री रणधीर सिंह: बस मैं बैठा ही जाता हूं तीन में ने दुश्मन बताये। एक तो बताया वह इंडियेनाइजेशन जिसका कि मेरे भाई गुप्ता जी नारा लगाते हैं। दूसरा डिसेंट्रलाइजेशन है और तीसरा ओवर नेशनलाइजेशन है।

सभापति महोदय: आर्डर आर्डर। मैं श्री इमाम को बुला रहा हूं:

श्री रणधीर सिंह: खत्म हुआ जाता है। मैं वहां पार्लियामेंटरी डेलिगेशन में अहमदाबाद गया था और मैं ने प्रधान मंत्री जी को एक

[श्री रणधीर सिंह]

रिपोर्ट पेश की थी कि वहां के जैसे हालात हैं उस में पुलिस विभाग में मुसलमानों का हिस्सा होना चाहिए। इस के अलावा मैं इस बात का भी कायल हूं कि उर्दू को जोकि इस देश की एक नेशनल जबान है उसको उसकी वाजिब जगहा और दर्जा सरकार की तरफ़ से मिलना चाहिए।

मैं सभापति महोदय, आप का बड़ा मशकूर हूं कि आप ने मुझे मौका दिया।

SHRI J. MOHAMED IMAM (Chitradurga): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me this chance. The Home Ministry is an important Ministry in the Government. It plays a vital role in the national integration of the country. The responsibility is all the greater in a country where there are a number of political parties, where there are a number of States, with different political complexions. It is the duty of the Home Ministry to see that it forges the unity of the nation and that the nation is strengthened and consolidated. It is also the function of the Home Ministry to see that there is stability, safety and well being and also there is peace in the country. But the recent events have shown that the Home Ministry has not been contributing to the safety and well being of the country. We see in the horizon various disintegrating tendencies. We have seen on the horizon various disruptive tendencies. There is more of disruption rather than construction. Sir, it is more marked after the recent split in the Ruling Congress party, a split into Cong(R) and Cong(O). They consider that the party is above the country and the nation is forgotten and they have forgotten their own duties.

Sir, yesterday, Shri S. K. Patil said that the Centre does not regard it as its duty to maintain law and order. And, whatever happens in the States, whatever turmoil happens in the States, is shoved on the States. Sir, the Naxalites have been doing havoc throughout the country. They have been killing people. Is it not the responsibility of the Centre to put them down?

Sir, students are in a rampage throughout the country and they even go to the extent of getting into the room of he Vice-Chancellor' manhandle and burn the offices. Is it not the responsibility of the Centre? In Bengal, it has been mentioned, thousands of persons have been killed. Still the Centre does not care for it. The Shiva-Senas and other militant bodies have come into prominance and the Centre is not doing anything to put them down. The Home Ministry is complascent. Then, whose responsibility is this? If it is not the responsibility of the Home Ministry, then, whose responsibility is this? What justification is there for the existence of the Home Ministry? They are interested in only satisfying their party appetities. They cannot rise above the party; they place the country below their party interests and act accordingly. I may mention briefly how they have bungled to resolve the dispute between Mysore and Maharashtra and also other similar questions.

All the greatest things are simple. Any complicated matter can be resolved, provided its solution is based on justice? Truth, and Honour. But when you deviate from the path of justice complications will arise. I state—the Home Minister, the Home Ministry and the Central Government have bungled from the very beginning in this matter; and completely mismanaged it. They have shown lack of foresight and failed to realise the serious situation and the serious tension and this serious position now is entirely due to the Home Minister and the Home Ministry. Sir, just now the Minister of State in the Ministry of Home Affairs, Shri Vidya Charan Shukla has stated that he was not responsible, the Government of India is not responsible for the complicated state of affairs. But I say emphatically that it is they,—and they alone—that are responsible. Why has this become so serious? Who is responsible? I can state the factors which made with serious.

In the first place it is no wisdom to disturb and unsettle a matter which has already been settled by competent authorities. Secondly, our agreements, pledges entered into must be honoured and must be implemented. Thirdly, when a Commission has been appointed by the agreements of both the parties, it is the duty of the government as well as the duty of the Home Minister to treat the recommendation as binding on them especially when the Commission was appointed at the instance of these States themselves. Fourthly, sabotaging the existing principles laid

down by the S.R.C.,—principles according to which the entire country was reorganised, and accepted by Parliament,—and substituting them by new principles according to one's own convenience. And, fifthly, this is the most important point, the Home Minister has placed himself in an embarrassing position and his failure to rise above regionalism and parochialism. Lastly, the failure of the government to take the Parliament into confidence, by refusing to place the Mahajan Commission's Report before this House, for its consideration.

The appointment of this Commission was intiated by the State of Maharashtra —Maharashtra Government—and its people resorted to satyagraha and hunger strike and forced the Prime Minister and the Government to appoint this Commission. Then the Commission was appointed. Mysore State on the other hand resisted its appointment. A number of lives were lost as a result of firing. Mysore did not want to re-open the boundary question as they knew that complications would arise. They also observed satyagraha and as a result there was a shooting and half a dozen people were killed. It was at the instance of the Maharashtra Government alone that this Commission was appointed and wanted a single man Commission. When the Commission was appointed both the Chief Ministers of Maharashtra and Mysore, the Home Minister and the Working Committee, entered into a solemn agreement that the findings of the Mahajan Commission would be binding and they must be treated as an award. It is on record. The Working Committee composed of members from both the parties, resolved that the border disputes shall be resolved on the basis of the principals laid down by the S.R.C. Report and that its findings shall be final. There are a number of statements made by Shri V. P. Naik and others stating that the Commission's Report would be honoured. Till the report was published they were hailing Mahajan that he was a Daniel. But when the report came out Mysore had cause for depression because many valuable tracts including Nippani and Khamapur which fetch an income of more than Rs. 4 to 5 crores were given to Maharashtra. Maharashtra wanted Belgaum. They forgot about their previous assurances and previous obligations and pledges. They began to blaspheme and command tirade against Shri Mahajan. He was a retired Supreme Court Chief Justice. He was appointed to demarcate the border with Pakistan, whose services were hailed and recognised. But he was treated with contempt and his effigy was burnt. He was very much hurt and this hastened his death. Is this the attitude to be adopted ? Is there no sanctity for his report? On the other hand, what pained me most was that when a Mysore delegation consisting of MPs approached the Prime Minister—and I myself put forward the case of Mysore and pointed out that the sanctity of the report must be respected, the Prime Minister—these are her very words—"Where is the sanctity for any report of any commission?"

SHRI PILOO MODY: It is a direct quotation from Lenin and Stalin.

SHRI J. MOHAMED IMAM: Later on, it was said that what she said had been distorted, but these are her very words which I repeat, 'Where is the sanctity for any report of any commission?". It gave me a shock.

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ (Wardha): Her farther unfortunately did the same thing with SRC.

SHRI J. MOHAMED IMAM: I said, 'We stand by the Commission report in spite of the fact that we lose very valuable tracts of Nippani and Khanapur.'

I know Shri Chavan is a nice gentleman and stalwart. But all those who know him best will be the first to sympathise with him. I know he is in a fix, because this movement was started when he was Chief Minister of Maharashtra. Then he came over to the Centre. The best thing for him would have been to divest himself of the Home portfolio, but I admire his strategy.

SHRI PILOO MODY: He should have taken up tourism.

SHRI J. MOHAMED IMAM: What were his moves? In the first place when the report was published in Aug. 1967, instead of doing his duty to place it before Parliament, he threw it into the gutter. Was that the reason for which the Commission was appointed? I will cite three or four instances showing his attitude to scuttle the report. I am sorry he is not here; let me not be misunderstood that I am saying this behind his back. When the question was raised

[Shri J. Mohmed Imam]

in this House he said 'I am going to ascertain the national consensus'. He invited MPs and opposition leaders. There was no understanding reached. Then he took it up in the National Integration Council at Srinagar. He moved that all border disputes should be solved through an agency to be appointed which the Mysore Chief Minister opposed. He wanted to scuttle it by appointing some other agency. His next move was evident when the Prime Minister sent her emissaries to Bangalore with a proposal to bifurcate Belgaum and other places. I am sure this was not the proposal of the Prime Minister because she knows very little about that area, about those villages and towns. She must evidently have been briefed by the Home Minister or someone of his view. The Mysore Chief Minister refused to agree. The Home Minister cannot escape his responsibility for this preposterous propositions but before the Mysore Chief Minister which he wisely rejected.

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ: There would be two Berlins then. in India.

SHRI J. MOHAMED IMAM: It is said that Shri Mahajan made his recommendations without any principles or a yardstick. But what was the mandate given to him by the Working Committee on the basis of the fundamental principles laid down by the SRC and accepted by Parliament! He followed exactly those principles. They were four: historical background, administrative convenience, economic viability and linguistic homogeneity . . Filar it was on a district-level; still they said we can go down to taluk level. When the population of a linguistic group was 70 per cent, when it will go to that area. These were the principles according to which the entire country was reorganised and these have been approved by Parliament. What is the village Until principle? The Chief Ministers of Andhra and Tamil Nadu came to an agreement regarding the allocation of the villages on the border between Tamilnadu and Andhra. Whoever had a greater majority would take that village. After they entered into the agreement, they asked Mr. Pataskar to implement it. In fact, Mr. Pataskar is not the originator of this formula. The formula was laid down by the Chief Ministers themselves, and this was confined only to those villages. Now, our Maharashtra friends want this to be applied to the entire country and to disturb the re-organisation of the entire country. Logically I ask: why not on the mohalla basis?

SHRI S. M. JOSHI: Administrative unit.

SHRI J. MOHAMED IMAM: In Hubli there is a Maharashtra division. Bangalore is contiguous to Hosur, in Tamil Nadu area. In fact, the Tamilians are in a majority there and they will claim it on this basis. So also Kolar. So, if you accept this village unit formula, the entire country will be in a turmoil, you will have to reopen the whole thing, and put a Berlin wall in every village and town.

SHRI S. M. JOSHI (Poona) : Why did you ask for Bellary ?

SHRI J. MOHAMED IMAM: Administrative convenience.

SHRI S. M. JOSHI: It was there, not here?

SHRI J. MOHAMED IAMA: Our friends are so particular about Belgaum.

SHRI S. M. JOSHI: Of course, because it is a question of ten lakhs of people, they are not chattel.

SHRI J. MOHAMED IMAM: Whenever there is conflicting opinion, whenever there is a dispute, it is the opinion of an impartial tribunal that must prevail. This Belgaum city has been subjected to the judicial scrutiny of two impartial bodies consisting of eminent judges and jurists, whose sincerity and *bona fides* you cannot question. The Fazl Ali Commission went into the whole matter and assigned Belgaum to Mysore.

SHRI S. M. JOSHI: They had also given Bellary to Andhra.

SHRI J. MOHMED IMAM: The Mahajan Commission went there, studied the entire thing and assigned it to Mysore. Are you going to be guided by the impartial opinion of these two judicial bodies or are you going to be guided by the interested opinion and the agitation of my Maharashtra friends?

SHRI S. M. JOSHI: There are ten lakhs of people. Ask them what they want.

SHRI J. MOHMED IMAM: If people do not have regard for their own words or attach solemnity or sanctity to the verdict of an impartial body, it will become an endless quarrel.

Boundary dispute means only dispute relating to the boundary along Maharashtra, it cannot be converted into a regional dispute, but they want to claim Karwar and beyond. They say that Konkani is Marathi. Mahajan has studied it and he says that Konkani is not Marathi.

SHRI S. M. JOSHI: Why do you not ask the people?

SHRI J. MOHMED IMAM: We have asked the people of Goa. If Konkani was Marathi, Goa would have gone to Maharashtra.

SHRI SONAVANE (Pandharpur): Does he know Konkani to sit in judgment?

SHRI J. MOHMED IMAM: I know that it is allied to Kannada.

SHRI S. M. JOSHI: That is what you think. So, I said, if this boundary dispute has become so serious, it is because of the attitude taken by our Maharashtrian friends. It is because of their failure to honour the commitment. Also, it is due to our Home Minister, for whom I have great regard, because from the beginning he has failed to take a definite decision. He is trying to scuttle it. (*Interruption*)

SHRI SONAVANE : What about the atrocities committed by the Mysore Government on the Maharashtrian people? (*Interruption*)

SHRI J. MOHAMED IMAM: As soon as the report came, why did they not accept it? (*Interruption*) Sir, this agitation has been backed up by Shiv Sena and other forces. I have a cutting here which says some Members of Parliament want to revive the agitation. Let them see justice. By justice, any dispute can be solved. But if they still continue like this, what could be done? So, taking the present political situation into consideration, taking all these aspects into consideration, I think the Maharashtrians are emboldened with the help of the Chief Minister, with the help of the Home Minister and also the Shiv Sena, and they want to create trouble, and dominate and threaten the people of Mysore. Sir, on behalf of the people of the State of Mysore, let me say that we can withstand any onslaught; we are not cowards. I would appeal to the Home Minister that he should be frank and straight forward. Did not the Home Minister say that the Commission's report would be accepted? Why go back on that assurance? That is not the way. Politics is religion. You must have discipline. Yesterday Shri S. K. Patil said that democracy cannot be a success unless it is based on discipline and character. Here, where is the discipline? Is there discipline in the Government itself? When they refused to accept the report, what does it show? Is it discipline? Is it character?

So, with these words, I request them to accept the Mahajan report. You are bound to accept it; in honour, accept it. Accept the report of the Mahajan Commission, who took a lot of trouble and went round and examined a number of witnesses. Many lawyers appeared before the Commission. Please accept it. Because the Belgaum question is there though two Commissions have given a verdict that Belgaum should go to Mysore please do not make the matter more complicated and bitter.

I would respectfully advise my friends here not to resort to violence or to do anything, because threats of doing something are already there. In the interests of the country, let them accept the report. I am sure hey are more Indians than Maharashtrians.

श्री एस० एम० जोशी : यह इन्होंने क्या कहा—वे लोग ज्यादा इण्डियन्ज हैं—देन महाराष्ट्रियन्ज । इस का क्या मतलब है ?

SHRI J. MOHAMED IMAM: I want them to be first Indians, and then Maharashtrians. (*Interruption*)

SHRI PILOO MODY: He is taking objection to a compliment!

MR. CHAIRMAN: Order, order. No objection can be taken. Please maintain order in the House. Now, Shrimati Sangam Laxmi Bai. I have to make it clear that your party has al-

[Mr. Chairman]

ready taken more time than was allotted to its share. Therefore, kindly take a few minutes only.

श्रीमती लक्ष्मी बाई (मेडक) : सभापति जी, मैं होम मिनिस्टर साहब को धन्यवाद देती हूं। और उन की डिमाण्ड पर बोलना चाहती हूं। उन की डिमाण्ड को सपोर्ट करते हुए, हमारी कुछ दिक्कतें हैं, कुछ दुख हैं, उन को बतलाना चाहती हूं। कल से हम अपने दुख को सुनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। मैं तेलंगाना के बारे में बोलना चाहती हूं। तेलंगाना के बारे में आप सब सहमत हैं, लेकिन हमारे होम मिनिस्टर सहमत नहीं हैं। सब सुनते हैं, लेकिन आपने काम करना बन्द कर दिया। इन पर मुझे बहुत श्रद्धा है। जब ये बम्बई से सेन्टर में आये तो हम ने समझा कि संजीव आ रहा है। लेकिन आज इस संजीव को क्या हो गया है, मालूम नहीं। तेलंगाना के बारे में वहां के बच्चे और बड़े बहुत नाराज हैं। आज के बच्चे कल मिनिस्टर बनेंगे, होम मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर बनेंगे। आप तेलंगाना के एक करोड़ 30 लाख लोगों को नाराज करके क्या करने वाले हैं, यह समझ में नहीं आता है। 14 महीने बीत गए हैं, वहां पर 50 हजार टीचर्स हड़ताल पर हैं। लेकिन आप कुछ भी खयाल नहीं करते हैं। मैं जानना चाहती हूं कि आपका इन्टेलिजेन्स ब्यूरो क्या कर रहा है जिसके लिये आप इस सदन से इतना पैसा मांग रहे हैं। पहाड़ों में जाली करेन्सी नोट्स चल रहे हैं, गोल्ड स्मगलिंग हो रही है, अभी दो दिन पहले श्री ज्योति बसु की हत्या करने का प्रयास किया गया, आज उनको गोली मारी गई तो कल दूसरों को मारी जायेगी फिर पता नहीं, आपका इन्टेलिजेन्स ब्यूरो क्या काम करता है ? क्या इसी तरह से आप कन्ट्रोल करेंगे ? क्या आपको नहीं मालूम कि तेलंगाना में इसी प्रकार से 14 महीने गुजर गए हैं लेकिन फिर भी आपके दिल में तेलंगाना के लिए कोई रहम नहीं पैदा होता है। आप यह क़बूल किये हैं कि यह मास मूवमेन्ट है और फिर कहते हैं कि रास्ता नहीं निकलता है। जो भार्गव कमेटी बनाई गई थी, उसकी रिपोर्ट सितम्बर, अक्तूबर में आई लेकिन फिर भी आप ने इसकी चर्चा सदन में नहीं की। महाराष्ट्र मैसूर वाले इतना हल्ला गुल्ला मचाते हैं तो उनकी बात को आप सुनते हैं लेकिन तेलंगाना के 1 करोड़ तीस लाख लोगों के लिए आप कुछ भी नहीं करते हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रजाकारों और कम्युनिस्टों के अत्याचार से पुलिस ऐक्शन के द्वारा हम लोगों को बचाया था लेकिन 14 महीने से सेप्रेट तेलंगाना का एजिटेशन चल रहा है, कोई सुनने वाला नहीं है। कोई भी वहां आने का कष्ट नहीं करता—प्राइम मिनिस्टर नहीं आतीं और कोई दूसरे मिनिस्टर नहीं आते। तेलंगाना के लोगों की बात कोई भी नहीं सुनता। कोई आकर के पूछता भी नहीं। पैसे भी नहीं मिलते। 2864 मुलाजिम और 880 गजटेड आफिसर्स को नुक्सान पहुंचा है लेकिन आप कोई भी जांच नहीं करते। आप समझते हैं कि उनको इसी तरह से जलने मरने दिया जाये। फिर मेरी समझ में नहीं आता कि होम मिनिस्ट्री किस बात के लिए है ? मरने वालों को कोई भी नहीं पूछता। चीफ मिनिस्टर का वहां से टेलीफोन आ जाये तो आप वहां पर हजारों पुलिस भेज देंगे, क्या यही आपका काम है ? वहां पर बच्चे स्कूल नहीं जाते, टीचर्स बाहर हैं, उनके पीछे पुलिस लगी हुई है लेकिन फिर भी आपको कोई रहम नहीं आता। आपको देखना चाहिए कि वहां पर हैदराबाद में क्या हो रहा है।

आपने जो फोर्थ फाइव ईयर प्लान 6 हजार करोड़ रुपये का बनाया है वह किस लिए बनाया है ? क्या सिर्फ सेन्ट्रल पुलिस के लिए बनाया है ? किसी भी स्टेट में डेवलपमेन्ट का काम नहीं हो रहा है, सिर्फ पुलिस बढ़ाने का काम ही हो रहा है। जिस प्रकार से एक बच्चा जब रोता है तो उसको गुलगुल दिखाकर बहलाया जाता है तो उस तरह से काम चलने वाला नहीं है। बच्चे को दूध देना चाहिए। आखिर इस तरह से कबतक काम चलेगा ? वहां की वास्तविक स्थिति को समझना जरूरी है। आप पुलिस

से कबतक कन्ट्रोल करेंगे ? आप वहां पर कुछ देते नहीं, किसी की बात सुनते नहीं और कुछ करते नहीं । यहां पर हरयाणा नजदीक है, चन्डीगढ़ नजदीक है, पंजाब नजदीक है, वह हल्ला मचाते हैं तो उनकी बात को आप सुन लेते हैं। महाराष्ट्र और मैसूर वाले शोर मचाते हैं तो उनकी बात भी सुनी जाती है लेकिन तेलंगाना की बात को कोई भी सुनने वाला नहीं है । तेलंगाना का कहीं नाम भी नहीं आता है । तेलंगाना के बारे में मोशन लाया जाये तो वह डिसएलाऊ कर दिया जाता है । कोई सवाल पूछा जाये तो उसको भी एलाऊ नहीं किया जाता है । तो इस तरह से कबतक काम चलेगा, यह मैं जानना चाहती हूं । तेलंगाना के बारे में कोई परवाह ही नहीं करता है । भार्गव कमेटी की रिपोर्ट आई है, जिसमें कुछ रखा नहीं है । रीजनल कमेटी के चैयरमैन का दावा है कि तेलंगना के बारे में 107 करोड़ की मांग है । 107 करोड़ रुपये का हमारे साथ अन्याय हुआ है । अगर यह रुपया हमारे ऊपर खर्च किया जाता तो हम बहुत मजबूत होते और हम किसी के मोहताज नहीं होते । लेकिन हमारे साथ सेकेन्ड क्लास सिटिजन का सा व्यवहार किया जा रहा है । यह कहना है कि रीजनल कमेटी में तेलंगाना के विकास के बारे में अगर कोई बात तय की जाती है तो उस पर अमल होना चाहिये, लेकिन वह चीज मुख्य मंत्री पर बाईंडिंग नहीं है । और उस के खिलाफ़ हम गवर्नर को अपील कर सकते हैं । पर वस्तु स्थिति यह है कि होता वही है जो चीफ़ मिनिस्टर चाहता है ।

स्थिति यह है कि आन्ध्रा और तेलंगाना दोनों ही एक दूसरे से नाराज हैं । आज ही अखबार में मैं ने श्री लाचन्ना का एक वक्तव्य देखा जिस में उन्हों ने कहा है कि हम इस बात का स्वागत करेंगे यदि तेलंगाना आन्ध्र से अलग कर दिया जाय । उन का कहना है कि हम इस एडमिनिस्ट्रेशन से फ़ैड अप हैं । कहा जाता है कि तेलंगाना का विकास हुआ है । लेकिन मैं पूछती हूं कि हमारा क्या डेवलपमेंट हुआ है ? हम तो पहले से ही हैदराबाद स्टेट के अंग थे, हमारा हाई कोर्ट था, हमारी यूनिवर्सिटी थी और 1200 मील की रेलवे थीं । हम तो किसी के मोहताज नहीं थे । फिर आप कैसे कहते हैं कि हमारा डेवलपमेंट हो गया । जब कि वस्तु स्थिति यह है कि जब से अलग होने की मांग हो रही है, और जिस को स्वीकार नहीं किया जा रहा है, हमारा विकास होने के बजाय नुकसान ही हो रहा है । हमारे बच्चों की पढ़ाई का काफ़ी नुकसान हुआ है । हमारे बच्चों की पढ़ाई दो साल पीछे हो गयी है । साथ ही लोगों की सीनियारिटी और नियुक्ति में भी नुकसान हुआ है । इस नुकसान को रुपये में नहीं आंका जा सकता ।

हम कहते हैं 107 करोड़ और गवर्नर बोलता है कि 40 करोड़, भार्गव साहब बोलते हैं 28 करोड़ और आप बोलते हैं 26 करोड़ । यह क्या तमाशा है ? कब तक हम ये बातें सुनते रहेंगे । आप लोगों ने कहा है कि हर साल 10 करोड़ रु० खर्च करेंगे । इस से हमारा काम नहीं चलेगा । आप को मालूम होना चाहिये कि भार्गव कमेटी ने आठ पौइंट प्रोग्राम रखा है । प्रेसीडेंट के इंस्ट्रक्शन हैं कि हर 6 महीने चीफ़ मिनिस्टर तेलंगाना के बारे में इन्कम और ऐक्सपेंडिचर की रिपोर्ट असेम्बली की मेज पर रखेंगे, और अगर वह न रखी जाय तो रीजनल कमेटी वाले गवर्नर को अपील कर सकते हैं । अब आप बतायें कि क्या कोई गवर्नर चीफ़ मिनिस्टर के खिलाफ़ कुछ बोल सकता है, या कर सकता है । आज कल गवर्नर की क्या ताकत है ? हमारे यहां के गवर्नर बिल्कुल बूढ़े हैं जो चल नहीं सकते हैं, और वह सर्वोदय वाले आदमी हैं जो स्वभावत: किसी को डरा धमका भी नहीं सकते । इन सब बातों और कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मेरी गृह मंत्री जी से प्रार्थना है कि तेलंगाना की समस्या के बारे में वह कुछ न कुछ करें । तेलंगाना सेपरेट होना चाहिये । हजारों साल से हम सेपरेट हैं । हमारी एक काबिल स्टेट थी । अगर इतिहास पर नजर डाली जाय तो आप पायेंगे कि आन्ध्र और तेलंगाना कंडीशनली जोड़े गये हैं और यदि तेलंगाना वाले

[श्रीमती लक्ष्मीबाई]

उन के साथ नहीं रहना चाहते, दस साल तक हमारी कोई उन्नति नहीं होती तो यह प्रोवीजन है कि तेलंगाना के जितने एम० एल० एज० हैं यदि उन में से दो तिहाई इस पक्ष में हों कि तेलंगाना को अलग होना चाहिये तो हम अलग हो सकते हैं । लेकिन वर्तमान आन्ध्र के जो मुख्य मंत्री हैं उन्हों ने अधिकतर एम० एल० एज० को अपने साथ कर लिया है जिसका परिणाम यह हुआ कि अब हमारा उतना बहुमत नहीं है ।

बच्चा जब किसी नाटक में श्री राम का वेष धारण करता है तो उस को वैसा ही व्यवहार करना पड़ता है । और अगर वह ऐसा न करे तो दर्शकों के बीच उस की हंसी होगी । लेकिन आजकल के केन्द्रीय नेता ऐसा व्यवहार नहीं कर रहे हैं जो सभा की दृष्टि से देखें और वैसा ही आचरण करें । परिणाम यह है कि समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है और लोगों की भावनाओं को दबाया जा रहा है, उस की उपेक्षा की जा रही है । यही कारण है कि तेलंगाना वाले आप से नाराज़ हैं । सम्भवतः सेन्ट्रल लीडरशिप यह सोचती है कि अगर तेलंगाना की पृथक मांग को मानते हैं तो उन्हें डर लगता है कि कल को झारखंड की, विदर्भ की समस्या भी खड़ी हो सकती है । इसलिये हमारे साथ केन्द्रीय सरकार कुछ नहीं करना चाहती । मगर मैं आप को चेतावनी देना चाहती हूं कि यदि आज आप हमारी मांग नहीं मानेंगे तो कभी न कभी आप को तेलंगाना को अलग करना ही पड़ेगा । आन्ध्र गवर्नमेंट की रिपोर्ट यहां पर आई है कि वहां पर इतनी बसें जलाई गई और इतनी तोड़ दी गई लेकिन ये लफ्ज़ नहीं हैं कि इतने लोग मरे और इनकी इतनी गिनती है । जो ये कमियां हैं उनको पूरा करने की कोई परवाह नहीं करते हैं और रिपोर्ट में लिखते नहीं हैं । यही सब बातें मुझे कहनी थी ।

सभापति जी, आप का बहुत बहुत धन्यवाद । आप की वजह से मैं बोल सकी, नहीं तो मुझे बोलने का मौका ही नहीं मिलता ।

श्री राम गोपाल शालवाले (चान्दनी चौक) : उपाध्यक्ष महोदय, गृह मंत्रालय के सम्बन्ध में अनेक सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं । मैं अनुभव करता हूं कि इस मंत्रालय का कर्तव्य है कि देश की यथार्थ स्थिति का अध्ययन करके सामयिक समस्याओं को तुरन्त हल करे । इस समस्या का हल राजनीतिक दलबन्दी, वैयक्तिगत दबाव अथवा प्रभाव पर नहीं किन्तु यथार्थता पर आधारित होना चाहिए । इसी सम्बन्ध में मैं कुछ विचार यहां व्यक्त करना चाहता हूं ।

सबसे पहले मैं हिन्दू कोड बिल के बारे में निवेदन करना चाहता हूं । हमारी सरकार ने हिन्दू कोड बिल पास किया और इस का प्रभाव केवल हिन्दू जाति तक ही सीमित है । ऐसा क्यों है जबकि भारत एक धर्म-निर्पेक्ष राज्य है और इसमें किसी विशेष धर्म या किसी विशेष मज़हब का सवाल नहीं है । चाहिए तो यह था कि सरकार समान रूप से एक आचार-संहिता का निर्माण करती और हिन्दू कोड बिल के बजाय इन्डियन कोड बिल बनाती । आज इस का दुष्प्रभाव यह हो रहा है कि बिगड़े हुए हिन्दू और सिक्ख दूसरी शादी करने के लिये अपना धर्म-परिवर्तन करते हैं और धर्म-परिवर्तन कर तब दूसरी शादी करते हैं । मैं बहु-विवाह का समर्थक नहीं हूं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं आपकी सेवा में कि अगर आप ने हिन्दुओं पर प्रतिबन्ध लगाया है तो इससे मुसलमानों को क्यों मुक्त रखा । मेरा कहना यह है कि हिन्दू कोड बिल के स्थान पर इन्डियन कोड बिल बनना अत्यन्त आवश्यक है ।

गुड़गांव जिले की नूह तहसील में मुसलमान देवियों ने, जिनकी संख्या 100 थी, एक बहुत बड़ा जलूस निकाला और मतालबा किया कि मुसलमानों पर भी प्रचलित बहु-विवाह सम्बन्धी प्रतिबन्ध लगा दिया जाए । आप ने इस बिल को मुसलमानों पर लागू नहीं किया, मैं उस का विरोध करता हूं और मांग करता हूं कि हिन्दू कोड बिल को इन्डियन कोड बिल का रूप देकर एक समान आचार-संहिता का निर्माण किया

जाए और मुसलमानों में बहु-विवाह की कुप्रवृत्ति को समाप्त किया जाए ।

दिल्ली मैट्रोपोलिटन कौंसिल में एक कांग्रेस सदस्य ने, जनसंघ के सदस्य ने नहीं, एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था कि एक समान आचार-संहिता बननी चाहिए और इस प्रकार का एक कानून बनना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति बहु-विवाह नहीं कर सकता चाहे वह हिन्दू हो, चाहे वह मुसलमान हो और चाहे वह सिक्ख हो और वह प्रस्ताव सर्व-सम्मत से पारित किया गया । इसलिए मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे इस पर गहराई से विचार करें और जो संरक्षण हिन्दू देवियों को दिया हुआ है उससे मुस्लिम देवियों को वंचित न करें। वह संरक्षण मुस्लिम देवियों को क्यों नहीं दिया गया है और जब वे उस का मतालबा करती हैं, तो उस को स्वीकार क्यों नहीं किया जाता है ।

इसके साथ ही साथ मैं दुख के साथ यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश को स्वतंत्र हुए 23 साल बीत गये हैं और भारत सरकार हरिजनों की समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ रही है और पिछड़े हुए वर्गों पर अनेक प्रकार के अत्याचार हो रहे हैं और बहुत सारी ऐसी घटनाएं देश में घटित हो रही है । अभी गुड़गांव जिले के अन्दर एक विवाहित लड़की का अपहरण किया गया और अपहरण करनेवाले एक मुस्लिम सज्जन थे । लड़की को उड़ा लिया गया । लड़की के पिता ने पुलिस में इत्तला की और गृह मंत्रालय को पत्र लिखे और अपहरण करनेवाले का नाम तक बता दिया, लेकिन वह अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है ।

श्री रणधीर सिंह : यह तो कोई बात नहीं है, हिन्दू भी भगा ले जाते हैं ।

श्री राम गोपाल शालवाले : हां, हिन्दू भी भगा ले जाते हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस के बारे में गृह मंत्रालय विचार करे। दूसरी एक और घटना मैं बताऊंगा जो कि दानापुर (बिहार) में हुई । समाचारपत्रों में उस हरिजन लड़की, जिसका नाम दुईजी है, की तस्वीर निकली है । वह एक करोड़पति के घर में उपले थापने गई थी और वहां पर उस करोड़पति के लड़के ने उस का अपहरण किया और उस के साथ बलात्कार किया । पुलिस में रिपोर्ट कराई गई पर पुलिस ने उस को गिरफ्तार नहीं किया और उस को और उस की मां को वहां से भाग जाने पर मजबूर किया गया । उस के बाद उस लड़की को उड़ा दिया गया और पुलिस ने उस को बरामद किया । लेकिन वह जो करोड़पति व्यक्ति जो एक मुसलमान भी हैं, उनके लड़के ने यह सब किया था, अभी तक उन लोगों में से—न बाप न बेटे—किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है । कल के समाचारपत्रों में यह सारी कहानी प्रकाशित हुई है । मैं गृह मंत्रालय से और श्री चह्वाण साहब से कहना चाहता हूं कि वह इस प्रकार की घटनाओं को देश के अन्दर रोकने की कोशिश करें ।

एक और घटना घटी है पटियाला जिले के अन्दर । वह है शहीदगढ़ गांव के अन्दर ग्राम पंचायत ने हरिजनों के मकानों के आगे दीवारें खड़ी कर दी ताकि हरिजन अपने घर से निकल न सकें और अपने घरों में घुस न सकें । इस प्रकार का अत्याचार वहां हरिजनों के साथ किया जा रहा है । इसके साथ साथ यहां पर हरिजनों की बेकारी, हरिजनों की बीमारी और उनकी गरीबी का पूरा लाभ उठाकर विदेशी मिशनरियां जिनकी संख्या गृह मंत्रालय के अनुसार साढ़े 6 हजार है, वह उनका धर्म परिवर्तन करते है और वह उनको भारत विरोधी बनाकर खड़ा कर देते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे और अपने कर्तव्य का पालन करे ।

1963 में गृह मंत्रालय को 170 सेक्शन आफिसरों की नियुक्ति करनी थी, लेकिन उन 170 में से एक भी हरिजन नहीं था और जब गृह मंत्रालय से एक संसद् सदस्य ने पूछा तो उनको बताया गया कि कुछ प्रभावशाली पार्लियामेंट

[श्री राम गोपाल शालवाले]

के मैम्बरों ने जाकर गृह मंत्रालय को प्रभावित किया और उनके प्रभाव में आकर उन्होंने 170 आदमी नियुक्त किए । मैं आज जानना चाहता हूं, गृह मंत्री जी से कि उन 170 लोगों को नियुक्त करने के लिए जिन सदस्यों ने प्रभाव डाला और हरिजनों का विरोध किया, उनके नाम बताये जाएं ।

तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि अंग्रेजी राज्य में सुप्रीम कोर्ट के जजों और हाईकोर्ट के जजों को जो वेतन मिलता था, हमारा संविधान जिस समय निर्माण किया गया तो वह वेतन कम कर दिया गया और इन 23 वर्षों में महंगाई कितनी हो गई है, यह गृह मंत्री जी जानें, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के और हाईकोर्ट के जजों के वेतन में वृद्धि नहीं हुई । उनको जो सुविधाएं हमारे मंत्रियों को मिलती है वह नहीं मिली हैं । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि योग्यतम व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट में और हाईकोर्ट में जज बनें, उनके लिये आप उनकी योग्यता के अनुसार उनके वेतन में वृद्धि करें।

जम्मू काश्मीर के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि लद्दाख, जम्मू और काश्मीर राज्य के अन्दर है, लेकिन जम्मू और लद्दाख के साथ जो व्यवहार किया जाता है उस पर बार-बार इस सदन में आवाज उठाई गई । जम्मू में आपको चावल दो रुपये सेर मिलता है, जब कि काश्मीर में छह आने सेर है । नौकरियों में लद्दाख और जम्मू के लोगों को नजरअंदाज किया जाता है । इसलिए मैं गृह मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि श्री कुशोक बकुला ने जो निवेदन किया है वह उनके हृदय की आवाज है । इसके साथ साथ मैं आपके सामने आज की महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह है गोहत्या-बन्दी का मसला । आपने बार बार यहां पर आश्वासन दिया कि कई राज्य गोहत्या बन्द कर चुके हैं, और केवल बंगाल और नागालैंड बाकी हैं, उन पर भी हम दबाव डाल रहे हैं कि वह बन्द करें। ऐसा हमको श्री जगजीवनराम जी ने बताया लेकिन मैं ने कल प्रश्न पूछा था कि कितने टन गाय का चमड़ा भारत सरकार द्वारा निर्यात किया जाता है तो जवाब दिया गया कि 1967 में 1033 टन का निर्यात हुआ जिसकी कीमत 157 लाख थी । इसके अतिरिक्त 1968–69 में 4243 टन, जिसकी कीमत 580 लाख थी, और 1970-71 के जो आंकड़े दिये गये हैं उसमें बताया गया है कि 1970-71 में 592 1/2 टन बछड़े के चमड़े का निर्यात किया जाएगा । मैं जानना चाहता हूं गृह मंत्री महोदय से कि जब बार बार आप सदन में आश्वासन देते हैं कि हम गोहत्या बन्द कर रहे हैं, वहां आपने 1970-71 में जो निर्यात करना है वह 592 लाख टन है, जब कि 1967 में आपने 157 लाख टन का निर्यात किया । तो क्या आप गोहत्या बंद कर रहे हैं या बढ़ा रहे हैं । इतना निर्यात तो आपने केवल बछड़े के चमड़े का करना है । और गायों के चमड़े के बारे में प्रश्न के उत्तर में बताया गया कि गायों के चमड़े के बारे में हमारे पास कोई आंकड़े नहीं हैं।

मैं समझता हूं कि जिस अबाध गति से आज गायों के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है और गाय की नसल को यहां पर समाप्त किया जा रहा है उस का उदाहरण संसार में अन्यत्र नहीं मिल सकता है । इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सरकार चाहती है कि देश के अन्दर सुख समृद्धि हो तो उस का कर्तव्य है कि इस देश के 45 करोड़ लोगों के हृदय की भावनाओं का आदर करते हुए गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दे । अगर सरकार ने गोहत्या पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो मैं सदन को बतलाना चाहता हूं कि एक प्रचंड आन्दोलन गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिये छेड़ा जायगा और दुनिया की कोई ताक़त उस आन्दोलन को रोक नहीं सकेगी । यह 45 करोड़ लोगों की भावनाओं का आदर व सम्मान करने का सवाल है । यह कोई छोटी मोटी बात नहीं है । यह खेद का विषय है कि सरकार मामूली मामूली सवालों पर जोकि केवल थोड़े लोगों द्वारा उठाये जाते

हैं उन पर ध्यान देती है लेकिन इस देश के प्रबल बहुमत की मांग पर सरकार विचार नहीं करती है और उनकी भावना का आदर नहीं करती है । मेरा निवेदन है कि सरकार इस सम्बन्ध में अपने कर्त्तव्य का पालन करे ।

इस के अतिरिक्त मैं बतलाना चाहता हूं कि अंग्रेजी राज्य में केवल कुछ राय बहादुर, राय साहब, सरदार बहादुर और ख़ान बहादुर ही अंग्रेजी सरकार के समर्थक थे लेकिन हमारे देश की बदक़िस्मती है कि आज इस देश के अन्दर लाखों की तादाद में, करोड़ों की तादाद में लोग बड़ी बड़ी संस्थाएं लिये बैठे हैं, कोई चीन का समर्थक है, कोई पाकिस्तान का समर्थक है, कोई रूस का समर्थक है तो कोई अमरीका का समर्थक है । मैं सरकार को कहना चाहता हूं कि उस ने क्या तरक्की की है ? आप कहते हैं कि भारत आगे बढ़ रहा है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि भारत पीछे जा रहा है । पूरी तरह से यहां राष्ट्रीयता का सत्यानाश किया जा रहा है और हमारा गृह मंत्रालय है कि टुकर टुकर इन सब बातों को देखता है और अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं करता है ।

इस के अतिरिक्त मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अभी यहां पर फिल्मों का एक अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म फैस्टिवल हुआ था और उस के दौरान प्रदर्शित चित्रों में नग्नता के दृश्यों को दिखाया गया था . . . (**व्यवधान**) . . . मैं ऐसी गंदी जगह नहीं जाता हूं । आप ही सोचिये कि आज नौजवान अगर मुझे सिनेमा के अन्दर जाते देखेंगे तो वह मेरे बारे में क्या सोचेंगे ? इसलिए मैं सिनेमा आदि ऐसी जगहों पर नहीं जाता हूं । मैं अन्य नेताओं को भी कहना चाहता हूं कि वह भी ऐसे गंदे स्थानों पर न जाया करें जहां कि इस तरह नग्नता और अश्लीलता का प्रदर्शन होता हो । दूसरों को ऐसे स्थानों पर जाने से मना करने के पहले हमें स्वयं अपने आचरण और व्यवहार द्वारा वैसा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये । ऐसा हम न करें कि खुद तो जायें और बाहर आकर दूसरों को हम उपदेश दें कि वह ऐसे गंदे स्थानों पर न जायें । मैं वैसा व्यक्ति नहीं हूं कि कहूं कुछ और करूं कुछ । मैं जो कुछ कहता हूं वही करता भी हूं ।

मैं कहना चाहता हूं कि आप ने खोसला कमीशन की स्थापना की और वह इसलिए नियुक्त किया कि भारतीय फिल्मों में सुधार किया जा सके लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता है कि इन खोसला साहब ने नग्नता के प्रदर्शन का समर्थन किया है जिसके खिलाफ़ देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आवाज उठी है । सरकार ने इस कमिशन का अध्यक्ष एक ऐसे व्यक्ति को बनाया जिसका चरित्र नहीं है, जिसका खानपान पवित्र नहीं है, जिसके बारे में लोगों को शक है, ऐसे खोसला साहब को इस प्रकार के जांच कमिशन का आप ने अध्यक्ष बना दिया और उस ने ऐसी सिफारिश कर दी जोकि हमारी परम्पराओं के सर्वथा विपरीत है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप उस पर विचार करें और देश में व्याप्त नग्नता और अश्लीलता को दूर करने के लिये आवश्यक क़दम उठायें । ऐसी फिल्में जिनमें अश्लीलता और नग्नता का प्रदर्शन होता हो वह बंद होनी चाहिएं क्योंकि इस से हमारे देश के नवयुवकों के चरित्र को नष्ट करने की बात होती है । मैं आशा करता हूं कि मैं ने जो चंद एक बातें आप के सामने रक्खी हैं उन पर आप विचार करेंगे और अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे । मैं आप का धन्यवाद करता हूं ।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : सभापति महोदय, मैं बड़ा अनुगृहीत हूं कि आप ने मुझे आखिरी वक्त में बोलने का समय दिया ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि दिल जले जब फरियाद करते हैं तो आस्मान हिल उठता है । यहां मैं बर्दवान को लेना चाहता हूं । बर्दवान में 17-3-70 को सेक्रेटरी युवक कांग्रेस मलय साई और प्रणव साई की पुलिस और एस० डी० ओ० के सामने हत्या की गई । उस खून से उन की मां का मुंह पोता गया । इस से बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती है ? दिन दहाड़े उन के अफसर मौजूद हैं । आज उन अफसरों को सस्पैंड तक नहीं किया गया । मैं

[श्री शिव नारायण]

आप से कहना चाहता हूं कि इस राज्य में कितना अन्धेर है । हम को डिसिप्लिन की बात बतलाई जाती है । लेकिन सब से पहले डिसिप्लिन को ब्रेक किया होम मिनिस्टर ने और प्राइम मिनिस्टर ने ।

18 hrs.

सभापति महोदय : अब माननीय सदस्य अपना भाषण कल जारी रक्खें ।

I have to bring it to the notice of the House that since the debate has been extended by some time and there are some Members here whose party is still left, we shall have to devote another forty minutes or, so before the Home Minister is in a position to reply. Some of the unattached members like Shri Bakar Ali Mirza want to speak. Shri Bakar Ali Mirza has been requesting for the last two days. There are other Members also whose party is left. Tomorrow, before the Home Minister replies, about half an hour or about forty minutes will be devoted for these members so that they can all be accommodated.

Now we shall take up Discussion under Rule 193.

18.1 hrs.

DISCUSSION *RE*: NON-IMPLEMENTATION OF GAJENDRAGADKAR COMMISSION'S RECOMMENDATIONS IN REGARD TO JAMMU AND LADAKH

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) : सभापति महोदय, कुछ दिन पहले जम्मू में एक विराट आन्दोलन हुआ था जिस में ढाई हजार के करीब लोग जेलों में गये । आन्दोलनकारियों में महिलायें भी शामिल थीं जिन की गोद में छोटे छोटे बच्चे थे । आन्दोलन का नेतृत्व जम्मू और काश्मीर के वयोवृद्ध नेता पं० प्रेमनाथ डोगरा ने किया । जिन के प्रति समान रूप से आदर की भावना सारे देश में व्याप्त है । जीवन के अन्तिम चरण में, 89 वर्ष की अवस्था में, शांतिपूर्ण तरीके से कानून का उल्लंघन कर के डोगरा जी को जेल क्यों जाना पड़ा, यह एक सार्वजनिक महत्व का विषय है ।

यह आन्दोलन राजनीतिक नहीं था, आर्थिक मांगों को ले कर था । इतना बड़ा आन्दोलन जम्मू में पहले कभी नहीं हुआ । इस सदन को विचार करना होगा कि कौन से कारण हैं जिन से जम्मू की जनता इतनी असन्तुष्ट हो गई ? कौन सी परिस्थितियां हैं जिन्होंने जम्मू के नागरिकों को कारागार में जाने के लिये विवश किया ?

जम्मू और काश्मीर भारत का अटूट अंग है । हमारा प्रयत्न होना चाहिये कि हम शेष भारत के साथ जम्मू और काश्मीर के सम्बन्धों को और भी मजबूत करें । लेकिन साथ ही यह भी प्रयत्न होना चाहिये कि जम्मू और काश्मीर के जो अलग अलग क्षेत्र हैं उन के बीच में विकास में, शिक्षा में, नौकरियों में जो असन्तुलन है उस का निराकरण करें । यह दुख का विषय है कि जम्मू और काश्मीर की सरकार गत अनेक वर्षों से जम्मू और लद्दाख के प्रति भेदभाव की नीति अपनाती रही है । इस नीति के विरुद्ध जनता में असन्तोष जागा है जिस के फलस्वरूप राज्य सरकार को केन्द्र के साथ परामर्श कर के श्री गजेन्द्रगडकर की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त करना पड़ा था । उस आयोग की रिपोर्ट आये हुए एक वर्ष से अधिक हो गया, लेकिन अभी तक आयोग की सारी सिफारिशें लागू नहीं की गई । जो असन्तोष है वह मुख्यतया आर्थिक विकास, नौकरियों में उचित प्रतिनिधित्व, शिक्षा सुविधाओं और राशन देने में जो भेद भाव होता है उस को ले कर है ।

तीसरी योजना में केन्द्र की ओर से जम्मू-काश्मीर की सहायता के लिए 235 करोड़ रुपया ग्रांट्स इन एड और 190 करोड़ रुपया ऋण के रूप में दिया गया था । इस तरह से कुल मिला कर 425 करोड़ रुपया दिया गया था । इस में जम्मू-काश्मीर की स्वयं की आमदनी शामिल नहीं है । लेकिन इस 425 करोड़ में से जो जम्मू पर रुपया खर्च किया गया वह मुश्किल से पच्चीस प्रतिशत था और लद्दाख पर खर्च किया जाने वाला रुपया पांच फी सैकड़ा से अधिक नहीं था ।

सब इस बात को जानते हैं कि जम्मू क्षेत्र और काश्मीर की घाटी की आबादी लगभग बराबर है । काश्मीर की घाटी की आबादी चौड़ी अधिक है । लेकिन जम्मू का क्षेत्र काश्मीर की घाटी से दुगना है । जहां तक लद्दाख का प्रश्न है, अकेला लद्दाख बाकी सारे राज्य के क्षेत्र के बराबर है । ऐसी स्थिति में विकास के लिए जो रुपया खर्च किया जाता है उस में इतना भेदभाव करने की क्या आवश्यकता है ?

लद्दाख या जम्मू में स्वाधीनता के बाद कोई भी बड़ा उद्योग स्थापित नहीं किया गया । कहा जाता है कि उद्योग के लिए बिजली की आवश्यकता है । काश्मीर की घाटी की तुलना में जम्मू में बिजली का उत्पादन अधिक सरलता से किया जा सकता है । जो अनुमान लगाया गया है उसके अनुसार काश्मीर में पन बिजली की क्षमता बारह सौ मैगावाट की है जबकि जम्मू में यह क्षमता 3100 मैगावाट की है । लेकिन गत 18 वर्षों में काश्मीर में खाली 25 मैगावाट बिजली तैयार करने का प्रबन्ध हुआ है और जम्मू में यह आंकड़ा केवल तीन मैगावाट का है ।

कई वर्षों से सलाल पनबिजली योजना की चर्चा हो रही है । अगर यह शुरू की जाती तो न केवल जम्मू काश्मीर लेकिन हरियाणा और हिमाचल के लिए भी यह योजना बिजली दे सकती थी । अनुमान लगाया गया है कि दो पैसा फी यूनिट के हिसाब से सलाल योजना बिजली तैयार कर सकती है । डा० कर्ण सिंह इस समय सदन में मौजूद नहीं हैं । गत नवम्बर में उन्होंने जम्मू में घोषणा की थी कि अब सलाल प्राजैक्ट को केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में ले रही है और प्रधान मंत्री महोदया जनवरी में अपने शुभागमन से जम्मू को, अलंकृत करेंगी और अपने कर कमलों से इस योजना का शिलान्यास करेंगी । जनवरी बीत गई लेकिन प्रधान मंत्री के चरण चिन्ह जम्मू की पवित्र भूमि पर नहीं पड़े । शायद उन्हें दिल्ली से फुर्सत नहीं है । सरकारें पलटना, तोड़ना, डगमगाती हुई सरकारों को टिकाना, इस चिन्ता में निर्माण की सारी समस्याएं पीछे पड़ गई हैं । मैं गृह मंत्री से पूछना चाहता हूं कि सलाल प्राजैक्ट की स्थिति क्या है, क्या केन्द्र ने उसे चौथी योजना में शामिल कर लिया है ? उसके लिये कितनी धनराशि निर्धारित की गई है ? कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? एक बार यह कार्य प्रारम्भ हो जाए तो फिर उद्योग धंधों के लिये हमें इतनी बिजली मिल सकती है जिस के द्वारा हम सारे क्षेत्र का औद्योगीकरण कर सकते हैं ।

किस तरह का भेदभाव किया जाता है, इसका एक छोटा सा उदाहरण मैं देता हूं । जम्मू में सिमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए मशीन लाई गई । वह बाहर से मंगाई गई थी । लेकिन वह फैक्ट्री जम्मू में नहीं लगी । वह मशीन श्रीनगर में चली गई । श्रीनगर भी भारत का भाग है । हम श्रीनगर का भी विकास होता देखना चाहते हैं । काश्मीर की घाटी के साथ भेदभाव हो, यह हमें बरदाश्त नहीं है । लेकिन काश्मीर की घाटी, जम्मू और लद्दाख इस में विकास का संतुलन तो हमें रखना पड़ेगा । यदि हमने नहीं किया तो ऐसा असन्तोष पैदा होगा जो राज्य की एकता को भी खतरे में डाल देगा ।

विकास के बाद सेवाओं का प्रश्न आता है । गजेन्द्रगडकर कमिशन ने सेवाओं के सम्बन्ध में बड़ी ठोस सिफारिशें की थीं । लेकिन सारी सिफारिशों को राज्य सरकार ने स्वीकार नहीं किया, उन्हें कार्यान्वित करना तो अलग रहा । जिले के स्तर पर, रिजन यानी क्षेत्र के स्तर पर बोर्ड बनाना मान लिया गया है । लेकिन राज्य के स्तर पर और गजेटिड अफसरों के पदों को ले कर किसी तरह के बोर्ड की व्यवस्था नहीं की गई ।

अनुमान लगाया गया है कि राज्य के सचिवालय तथा राज्यस्तर की अन्य सेवाओं में जम्मू का प्रतिनिधित्व अठारह साल में प्रायः 20 फ़ीसदी घटा है । जम्मू तथा लद्दाख की स्थानीय सेवाओं में 40 फ़ीसदी से अधिक पद काश्मीर

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

घाटी के लोगों को दिये गये हैं । स्थानीय सेवाओं में अगर स्थानीय लोगों को स्थान नहीं मिलेगा तो फिर असंतोष होना स्वाभाविक है । हम यह स्वीकार करते हैं कि सेवाओं में भर्ती गुण के आधार पर होनी चाहिए, क्षेत्र या मजहब के आधार पर नहीं । लेकिन जम्मू-काश्मीर का हाल ही अलग है । वहां सेवाओं में साम्प्रदायिकता का परिचय दिया जाता है और फिर जम्मू तथा लद्दाख के लोगों की उपेक्षा कर के केवल एक ही क्षेत्र के लोगों को भरने की कोशिश होती है ।

मुझे याद है कि जब वर्तमान मुख्य मंत्री श्री सादिक, सत्तारूढ़ नहीं हुए थे, तो उन्होंने पार्लियामेंट के भूतपूर्व सदस्य, मौलाना मसूदी, को 1953 में एक पत्र लिखा था, जिस में स्वयं उन्होंने यह शिकायत की थी कि जम्मू और लद्दाख के लोगों के साथ न्याय नहीं होता है, यहां तक कि जम्मू में अगर चपरासी की जगह ख़ाली होती है, तो उस के लिए भी काश्मीर से आदमी लाना पड़ता है । आज भी परिस्थिति कोई बहुत अधिक बदली नहीं है । शेख़ साहिब चले गये, बख्शी साहब अपदस्थ हो गये और सादिक साहिब का सिंहासन डांवाडोल है । लेकिन सत्तारूढ़ होने से पहले सादिक साहब ने जो आश्वासन दिये थे, वे अमल में नहीं लाये जा रहे हैं ।

गजेन्द्रगडकर कमीशन के अनुसार, 1 अप्रैल 1967 के हिसाब से काश्मीर घाटी की जन संख्या 53.3 फीसदी है, लेकिन सेवाओं में उस को 60.9 फीसदी प्रतिनिधित्व मिला हुआ है, जब कि जम्मू की जनसंख्या 44.2 परसेंट है, लेकिन सेवाओं में उस का प्रतिनिधित्व केवल 36.1 फ़ीसदी है । लद्दाख का हाल तो और भी बुरा है । 1961-62 के हिसाब से उस की जनसंख्या 2.5 परसेंट थी, जब कि सेवाओं में उस का प्रतिनिधित्व 1.4 परसेंट था ।

एक और भी बड़े खेद की बात यह है कि जम्मू-काश्मीर में सेवाओं के परिगणित जातियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, कोई स्थान सुरक्षित नहीं है, किसी प्रकार की सुविधा नहीं है । शायद सदन को यह बात मालूम नहीं है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 335, जिस में शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिए रिज़र्वेशन की बात कही गई है, अभी तक जम्मू-काश्मीर में लागू नहीं किया गया है । जब कभी वहां पर सरकारी आदेश के द्वारा परिगणित जातियों के साथ न्याय करने का प्रयत्न किया जाता है, तो कोई सांविधानिक आधार न होने के कारण उस को ठीक तरह से कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है ।

सम्पूर्ण जम्मू-काश्मीर राज्य में शिड्यूल्ड कास्ट्स की जनसंख्या 7.98 परसेंट है । गजेन्द्रगडकर कमीशन ने सिफारिश की है कि उन को नौकरियों में उन की जनसंख्या के अनुपात से प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए । यह आवश्यक है कि हम परिगणित जातियों में भी देखें कि योग्य कौन है और अयोग्य कौन है । लेकिन मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि जम्मू काश्मीर में परिगणित जातियों में योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं हैं । लेकिन अगर उन के लिए संरक्षण नहीं है, तो आगे बढ़े हुए वर्गों के साथ दौड़ में उन के लिए टिकना मुश्किल होगा । हमारी मांग है कि संविधान का अनुच्छेद 335 जम्मू-काश्मीर में लागू किया जाये, जिस से वहां की परिगणित जातियों और ट्राइब्ज को नौकरियों में संरक्षण मिल सके ।

भेदभाव किस सीमा तक जा सकता है, यह वहां के खाद्यान्न के वितरण को देख कर समझ में आ सकता है । क्या आप किसी ऐसे राज्य की कल्पना कर सकते हैं, जिस के दो भागों में राशन की मात्रा अलग अलग हो ? क्या किसी ऐसे प्रदेश की कल्पना कर सकते हैं, जिस के दो भागों में सरकारी राशन अलग अलग कीमतों पर दिया जाता हो ?—एक भाग में राशन अधिक हो और दूसरे में कम हो, एक भाग में राशन की कीमत अधिक हो और दूसरे में कम हो ? जब गजेन्द्रगडकर कमीशन के सामने यह बात लाई गई, तो उन्हें यह सारी स्थिति बड़ी

हास्यास्पद लगी । उन्होंने सिफारिश की—मैं उद्धृत करता हूं :

"We recommend that the State Government should review their whole price policy both for the procurement and for the issue of foodgrains and introduce uniform prices for grains throughout the two regions."

आज स्थिति यह है कि श्रीनगर में एक महीने में एक व्यक्ति को 11 किलो चावल और 2 किलो गेहूं का आटा मिलता है, कुल राशन 13 किलो है । लेकिन जम्मू में 3.45 किलो चावल, 6.90 किलो आटा अर्थात 10.35 किलो राशन दिया जाता है । गजेन्द्रगडकर कमीशन के सामने राज्य सरकार ने एक तर्क रखा था—चूंकि काश्मीर की घाटी में ठण्ड ज्यादा पड़ती है, इस लिये लोगों को भूख ज्यादा लगती है और क्या जम्मू में गर्मी ज्यादा है, इस लिये लोग पानी पीकर गुजारा कर सकते हैं, उन के लिये अन्न की आवश्यकता नहीं है । इस पर गजेन्द्रगडकर कमीशन ने लिखा है—

"The State Government explained this difference on the ground that rice is less nutritious than wheat/atta and that on account of the colder climate of Srinagar city the consumption of food is higher in Srinagar city than in Jammu city."

क्या देश में चावल खानेवाला केवल जम्मू-काश्मीर प्रदेश ही है ? और प्रदेशों का भोजन भी चावल है, चावल को अन्नम् कहा जाता है, लेकिन चावल के वितरण में भेदभाव करना, अधिक मूल्य लेना—यह केवल जम्मू-काश्मीर में हो रहा है ।

सभापति जी, केवल राशन की मात्रा में ही अन्तर नहीं है, दामों में भी अन्तर है । वैसे तो जो भी अनाज जाता है, बाहर से जाता है, अधिकांश अनाज पहले जम्मू में जाता है और फिर वहां से श्रीनगर पहुंचता है, इस लिये अनाज जम्मू में सस्ता पड़ना चाहिये और श्रीनगर में महंगा पड़ना चाहिये, क्योंकि श्रीनगर तक अनाज ले जाने में यातायात का भी खर्चा होता है, मगर जम्मू-काश्मीर में गंगा ही उल्टी है । वहां श्रीनगर तक अनाज ले जाने में ज्यादा खर्च करना पड़ता है, मगर वहां अनाज सस्ता है और जम्मू में जहां से अनाज जाता है, वहां अनाज महंगा है । जम्मू में चावल 40 रु० प्रति क्विंटल और गेहूं का आटा 44 रु० प्रति क्विंटल है । मुफस्सिल में गेहूं का आटा 55 रु० और चावल 50 रु० है । देश में हम चावल महंगा देखते हैं और गेहूं सस्ता देखते हैं, इसी लिये देश में यह अभियान चल रहा है कि लोग चावल न खायें, गेहूं खायें, क्योंकि गेहूं अधिक उपलब्ध है, चावल की उपज कम है । चावल के लिय हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है । लेकिन जम्मू-काश्मीर में स्थिति यह है कि चावल खायेगा तो कम दाम देना पड़ेगा और गेहूं खायेगा तो ज्यादा सजा भुगतनी पड़ेगी । क्या जम्मू-काश्मीर अखिल भारतीय नीति की चौखट में नहीं आता है ? क्या क्षेत्र के अनुसार राशन के दाम अलग अलग रहेंगे ? क्या इस से राज्य की एकता बनाये रखने में मदद मिलेगी ?

अभी हाल में जनसंघ की ओर से जम्मू में जो आन्दोलन चला, उसके परिणामस्वरूप स्थिति कुछ सुधरी है, लेकिन अभी तक राशन की मात्रा में भेद-भाव कम नहीं हुआ है । इस के बाद भी काश्मीर की घाटी में अधिक राशन रहेगा और जम्मू में कम तथा दामों में भी अन्तर रहेगा । अभी जम्मू काश्मीर की सरकार ने जम्मू के गांवों में अनाज की कीमत को बढ़ा दिया था, लेकिन जम्मू की जनता के तीव्र आंदोलन के परिणाम-स्वरूप यह कीमत उन्हें वापस लेनी पड़ी, अभी तक भेदभाव समाप्त नहीं हो रहा है, यह भेद-भव समाप्त होना चाहिये ।

जहां तक शिक्षा का प्रश्न है—गजेन्द्रगडकर कमीशन ने साफ़ कहा था कि जम्मू तथा काश्मीर में अलग अलग विश्वविद्यालय होने चाहियें । विश्वविद्यालय बने हैं लेकिन जम्मू के विश्वविद्यालय के लिये व्यक्ति सब श्रीनगर से लाये जा रहे हैं । उस विश्वविद्यालय के लिये भारत के किसी भी भाग से योग्य व्यक्ति लाने के मैं विरुद्ध नहीं हूं । लेकिन यदि स्थानीय योग्य व्यक्ति उपलब्ध हैं, तो पहले उन्हें अवसर दिया जाना चाहिये । मेडिकल

[श्री अटल विहारी वाजपेयी]

कालिज की बात भी गजेन्द्रगडकर कमीशन ने कही थी, लेकिन सरकार कह रही है जम्मू में मेडिकल कालिज 1972 में शुरू होगा। क्या मैडिकल कालिज 1970 में शुरू नहीं हो सकता ? अभी भी जम्मू के व्यक्ति श्रीनगर में जाते हैं, जम्मू के अध्यापक भी मैडिकल कालिज में काम कर रहे हैं। सरकार अगर संकल्प कर ले तो मैडिकल कालिज जल्द प्रारम्भ करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिये।

कुछ और भी भेदभाव हैं। उदाहरण के लिए गजेन्द्रगडकर कमीशन ने भी इस बात का उल्लेख किया है कि जो रोड टाल हैं, जो सड़क पर चुंगी के नाके हैं, सभी जम्मू में हैं, कश्मीर की घाटी में चुंगी का नाका कोई नहीं है। कमीशन ने सिफारिश की थी कि इस पर विचार किया जाये। केवल एक ही क्षेत्र को चुंगी के नाकों के लिये जुटाया जाये और उनसे होने वाली आमदनी को उस क्षेत्र में न लगाया जाये, यह बात ठीक नहीं है। इसका परिणाम वहां की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। इसलिए चुंगी के नाकों के बारे में पुनर्विचार होना चाहिए और सही नीति अपनाई जानी चाहिए।

भेदभाव किस सीमा तक है वह इससे भी प्रकट होता है कि सीज फायर लाइन के पांच मील तक जो बसे हुए हैं उन्हें बैकवर्ड होने की सुविधायें दी गई हैं, पांच मील के भीतर जो कर्मचारी हैं उनको विशेष एलाउन्स दिया जाता है लेकिन पाकिस्तान के साथ जो इन्टरनेशनल बार्डर है उस पर बसे हुए लोगों को और राज्य कर्मचारियों को कोई भी सुविधा नहीं दी जाती है। क्या सीज फायर लाईन ही विभाजक रेखा है, इन्टरनेशनल बार्डर पर रहने वाले लोगों को दुश्मन का सामना नहीं करना पड़ता ? लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा जम्मू से जाती है और सीज फायर लाईन कश्मीर की घाटी में। पिछले बीस सालों से सीज फायर लाइन पर रहने वाले तो फायदे में और अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा पर रहने वाले घाटे में—यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है।

सभापति महोदय, आपको स्मरण होगा कि 50 हजार विस्थापित परिवार, पाकिस्तान के निर्माण के पश्चात् विभिन्न क्षेत्रों से और कश्मीर का जो भाग पाकिस्तान में चला गया वहां से आये लेकिन उन्हें कश्मीर की घाटी में नहीं बसने दिया गया, उन्हें जम्मू में ढ़केल दिया गया। केन्द्रीय सरकार ने उनके लिए 35 सौ रुपया प्रति परिवार दिया लेकिन राज्य सरकार ने उसमें से 25 सौ रुपया जमीन और क्वार्टर के लिए ले लिया परन्तु उन विस्थापितों को उस जमीन और क्वार्टर के लिए अभी तक प्रोप्राइटरी राइट्स नहीं दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में विधान सभा की पिछली बैठक में एक बिल आया तो श्रीनगर में हंगामा हो गया। सरकार झुक गई और वह बिल वापिस ले लिया गया। क्या विस्थापितों के साथ न्याय नहीं होगा ? जिस जमीन को वे जोतते हैं, बोते हैं, जिस मकान में वे रहते हैं, जिसकी कीमत वे अदा कर चुके हैं क्या उसके मालिकाना हक उन्हें नहीं मिलेंगे ? क्या केवल इस आधार पर उनके साथ भेदभाव किया जायेगा कि वे जम्मू में विस्थापित हैं, कश्मीर की घाटी में नहीं हैं ?

भेदभाव का एक उदाहरण यह भी है कि दस साल हो गए लेकिन अभी तक जम्मू कश्मीर में नगरपालिकाओं के चुनाव नहीं हुए। गजेन्द्रगडकर कमिशन ने सिफारिश की है कि चुनाव न कराने के कारण भी लोकतन्त्र कुंठित हो जाता है, जनता को अपना शासन चलाने में हिस्सेदार बनने का अवसर नहीं मिलता। ये चुनाव तुरन्त कराये जायं। गत वर्ष में पांच बार चुनाव की तारीख निश्चित हुई लेकिन पांचों बार चुनाव टाल दिये गये। सन 1964 में मुख्य मन्त्री, सादिक साहब ने कहा था कि सत्ता में आने के बाद एक वर्ष में हम चुनावक रायेंगे लेकिन पता नही उनका एक वर्ष कितना लम्बा होता है ?

सभापति महोदय, जम्मू-कश्मीर हमारे पर्यटन का क्षेत्र है, हजारों पर्यटक यात्री देश विदेश से जम्मू कश्मीर की यात्रा करते हैं। कश्मीर की घाटी बड़ी मनोरम है। प्रकृति ने अपना

सौंदर्य मुक्त हस्त से वहां पर लुटाया है । लेकिन जम्मू में भी कुछ ऐसे स्थान हैं जिनका विकास किया जा सकता है । राज्य सरकार ने पर्यटन पर पिछले 18 वर्षों में 6 करोड़ रुपए खर्च किए हैं किन्तु उसमें से कुछ भी रुपया जम्मू में खर्च नहीं किया गया । ऐसा लगता है कि जम्मू पर्यटन के मानचित्र पर नहीं है । विभाजन के पूर्व हजारों पर्यटक कुद, भटोई, भद्रवाह और सनासर में प्रकृति के आनन्द का उपभोग करते थे लेकिन विभाजन के बाद यह स्थिति बदल गई है । पर्यटन केन्द्रों का विकास करने के मामले में भी जम्मू की उपेक्षा की जा रही है । डा० कर्णसिंह यहां पर नहीं हैं, मैं उनसे पूछता कि सारे देश में पर्यटन के विकास के लिए 9 या 10 करोड़ रुपया रखा गया है जिसमें से 3 करोड़ जम्मू कश्मीर के लिए है । उस तीन करोड़ में से जम्मू पर कितना रुपया खर्च होगा ? अभी जम्मू में खाली एक होटेल बनाया है और एक यूथ हास्टेल प्रारम्भ करने की बात है । लेकिन भद्रवाह, सनासर में ऐसे स्थान है जिनका यदि विकास किया जाये तो वहां पर पर्यटक निवास कर सकते ह । आज तो स्थिति यह है कि जम्मू में कोई रुकता नहीं, लोग सीधे श्रीनगर चले जाते हैं । जो उड़कर जाना चाहें वह जा सकते हैं लेकिन जम्मू होकर जाने वालों के लिये पर्यटन क्षेत्रों का विकास भी करना चाहिए ।

अन्त में एक बात कहकर समाप्त कर दूंगा । मैंने निवेदन किय कि हमें जम्मू कश्मीर और शेष भारत के सम्बन्धों को सुदृढ़ करना है और इसके लिये आवश्यक है कि जम्मू कश्मीर की जनता संतुष्ट रहे । इसके लिये यह भी आवश्यक है कि जम्मू कश्मीर के जो अलग अलग क्षेत्र हैं उनके साथ न्याय किया जाय । और यह भी जरूरी है कि जम्मू कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाले जितने भी मार्ग हैं वह खोले जायें । अभी रेल गाड़ी जम्मू तक नहीं पहुंची है । कब तक पंहुचेगी ? किस मन्थर गति से चल रही है ? क्या परिस्थिति जितनी तेजी से बदल रही है उसी गति से निर्माण हो रहा है ? फिर भद्रवाह और चम्बा को जोड़ने के लिये जो सड़क बनायी जा रही है वह कब पूरी होगी ? हिमाचल सरकार ने सड़क बना दी, जम्मू की सीमा तक सड़क आ गई, मगर 8, 10 मील का इलाका जम्मू-कश्मीर की सरकार बनाने के लिये तैयार नहीं है । क्या यह भारत से जोड़ने के लिये दूसरे रास्ते नहीं खोलना चाहती ? क्या वह साम्प्रदायिकता की भावना से प्रेरित है ?

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू और लद्दाख के साथ न्याय होना चाहिये । लोगों के धैर्य का बांध टूट रहा है । देश में जो परिवर्तन हो रहे हैं उससे वहां की जनता भी प्रभावित हो रही है । अलग मेघालय बन गया जनता के मन में नयी आशाएं जाग रही हैं । तेलंगाना में बगावत हो रही है । जम्मू की जनता संयम से कब तक काम लेती रहेगी ? मैं जम्मू के नेताओं को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने बड़ी जिम्मेदारी से अपना कर्तव्य निभाया, शान्तिपूर्ण आन्दोलन किया और जब समय आया तो उस आन्दोलन को खत्म भी कर दिया । लेकिन जब तक भेदभाव समाप्त नहीं होगा तो जम्मू की जनता को और लद्दाख के निवासियों को काबू में रखना मुश्किल होगा । मैं गृहमंत्री से कहना चाहता हूं कि परिस्थिति काबू से बाहर हो जाय, क्षेत्रीय असंतुलन को ले कर विघटन की मांगे खड़ी हों, उससे पहले जम्मू कश्मीर की सरकार को तैयार करके भेदभाव को दूर कराने का प्रयत्न करना चाहिये ।

SHRI INDER J. MALHOTRA (Jammu): Mr. Chairman, Sir, I am glad that Shri Vajpayee raised this discussion which has provided an opportunity to this House to take note of certain economic and political problems which are now being faced by the people of Jammu and Kashmir State. At the same time and at the very outset I would like to appeal to this august House that in our enthusiasm to see that all the recommendations of this Commission are implemented. We should not try to create an atmosphere which could help those forces who want the disintegration of Jammu and Kashmir State.

When this Commission was appointed the main purpose not only before

[Shri Inder J. Malhotra]

the Government but before the people also was that we must know and try to remove whatever factors and causes were existing which were hampering the economic development of the three distinct regions of the State. After this report had come most of the recommendations were accepted by the State Government and some of the recommendations have already been implemented.

I quite agree that there are still two or three basic recommendations about which no steps have been taken. When I blame the State Government for delaying the implementation of the major recommendations of this report I would also put some blame or responsibility on the Central Government as to why the Central Government did not take note why the State Government was taking so long and was delaying the implementation of those recommendations.

Shri Vajpayee referred to the agitation of the Jana Sangh.

As far as the people of Jammu region are concerned, he should not have misapprehensions about the political leadership which the Jana Sangh claims there. I would like to remind him that in the 1967 elections the majority of the seats in the State Assembly were won by the Congress Party which is ruling in that State. Both the parliamentary constituencies of the Jammu region were also won by the Congress Party. So, to make this tall claim that the Jana Sangh is the only political party which has always been advocating the aspirations of the common people of Jammu is an attempt to create a wrong impression in the House.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I do not make such a claim. I challenge the Congress Party to start an agitation and to send 2500 volunteers in jail.

SHRI INDER J. MALHOTRA : I accept your challenge. But the only difficulty is that we have to implement the things in the right way. You have only to agitate. We will not be cowed down by you.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: All right; you get them implemented.

SHRI INDER J. MALHOTRA : He said that 2500 people courted arrest. It is not difficult for any political party to get 2500 people to court arrest. As they claim, there was an agitation going on for the last one month. Where was the common man's enthusiasm for that agitation? The common man was never concerned with it. There was only a political motive behind this. By linking every problem with the political capital to be made out of it, they spoil the whole case. As far as the problems of foodgrains and ration are concerned, we in the Congress Party are also as much concerned as they are.

I would like to say only one thing that as far as the rights of the Jammu people are concerned, we are more concerned to see that their rights are protected. As far as the economic problems are concerned, we are more concerned to see that these problems are solved. But since we have the responsibility to give them administration, since we are running the Government there, we have to see from a different aspect and different concept as to how these problems can be solved.

Mr. Vajpayee referred to most of the recommendations which were made in this Report. Be he left out one of the basic major recommendation made about the land reforms. How can the lot of the common man be lifted? Who are the common people ? Who are the majority of the people? They are the farmers. The land reforms were introduced first in the Jammu and Kashmir State. Unfortunately, those land reforms ran into trouble. Now, the Jammu and Kashmir Government appointed the Land Reforms Commission and that Commission has also submitted their report. It is very unfortunate that the State Government has taken no action to see that whatever the recommendations are to be accepted to remove the anomalies and other causes which are causing difficulties for the proper implementation of the land reforms are accepted and the anomalies removed.

Then, I would like to say, when the situation has come to this, the responsibility will now fall upon the Central Government. The Central Government should also get this Report examined in the Home Ministry and see that whatever recommendations are necessary to be implemented for the better economic uplift of the people, not only of the

Jammu region, not only of the Ladakh region, but of the Kashmir region also, are implemented. They must take the responsibility to provide the necessary funds, the necessary technical assistance, and see that those recommendations are implemented.

